भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 328 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज सोमवार 13 दिसम्बर 2021

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**क्रियायोग संदेश**

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।




10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## क्रैश का वायरल वीडियो बनाने वाले के मोबाइल की होगी फोरेंसिक जांच

**चेन्नई।** चीफ आफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत के हेलीकॉप्टर क्रैश के मामले में बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि दुर्घटना से पहले वीडियो बनाने वाले व्यक्ति का मोबाइल फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस ने रविवार को इस बात का खुलासा किया है। दरअसल, कोयंबटूर के वेडिंग फोटोग्राफर अपने दोस्त और परिवार के साथ आठ दिसंबर को निलगिरिस जिले के कट्टेरी इलाके में गए थे। इस दौरान उन्होंने अपने मोबाइल से एक हेलीकॉप्टर का वीडियो रिकॉर्ड किया था, जो कुछ ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। दावा किया जा रहा है कि यह हेलीकॉप्टर जनरल रावत का था। घने कोहरे में गायब होते हेलीकॉप्टर का वीडियो तब से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

पुलिस के मुताबिक, मामले की जांच के लिए मोबाइल फोन कोयंबटूर स्थित फोरेंसिक लैब भेजा गया है। इस बात की भी जांच की जा रही है कि फोटोग्राफर और कुछ अन्य लोग उस घने वन क्षेत्र में क्यों गए थे? बताया जा रहा है कि वन्य जीवों की गतिविधियों की वजह से वह एक प्रतिबंधित इलाका है। पुलिस ने चेन्नई स्थित मौसम विभाग से दुर्घटना वाले दिन के मौसम और तापमान की जानकारी भी मांगी है। साथ ही पुलिस हेलीकॉप्टर दुर्घटना के सबूत तलाशने के लिए प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ भी कर रही है। आठ दिसंबर को क्रैश हुए एमआई-17 चॉपर में सीडीएस जनरल रावत और उनकी पत्नी मधुलिका रावत, ब्रिगेडियर एलएस लिड्डर, लेफ्टिनेंट कर्नल हरजिंदर सिंह, विंग कमांडर पृथ्वी सिंह चौहान, स्क्वॉड्रन लीडर कुलदीप सिंह (को-पायलट), जूनियर वॉरंट ऑफिसर राणा प्रताप दास, जेडब्ल्यू अरक्कल प्रदीप, लांस नायक विवेक कुमार, लांस नायक बीएस तेजा, हवलदार सतपाल राय, नायक गुरसेवक सिंह और नायक जितेंद्र कुमार की जान चली गई थी। हादसे में सिर्फ ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह की जान बच पाई थी, जिनका बेंगलुरु के सैन्य अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# मजहब के आधार पर भारत का विभाजन एक ऐतिहासिक गलती थी : राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आतंकवाद के छद्म युद्ध को लेकर पाकिस्तान को आड़े हाथों लेते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि भारत-विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा देने के उसके मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे। प्रत्यक्ष युद्ध में पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने जीत दर्ज की है और अब आतंकवाद के छद्म युद्ध में भी जीत हमारी ही होगी। 1971 के युद्ध में भारत की जीत और बांग्लादेश के निर्माण के 50 वर्ष पूरा होने के मौके पर आयोजित स्वर्णिम विजय पर्व का आगाज करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि यह युद्ध बताता है कि मजहब के आधार पर हुआ भारत का विभाजन एक ऐतिहासिक गलती थी। पाकिस्तान का जन्म मजहब के नाम पर हुआ, मगर वह एक नहीं रह सका। रक्षा मंत्री ने इंडिया गेट पर भारत की ऐतिहासिक जीत से जुड़े विशेष समारोह का उद्घाटन



करते हुए कहा कि दोनों विश्वयुद्धों के बाद 1971 का युद्ध दुनिया के सबसे निर्णायक युद्धों में गिना जाएगा। इस युद्ध ने दक्षिण एशिया के इतिहास और भूगोल दोनों को बदल कर रख दिया। पाकिस्तान की शरारतपूर्ण हरकतों की चर्चा करते हुए राजनाथ ने कहा कि 1971 की हार के बाद हमारा पड़ोसी देश लगातार एक छद्म युद्ध लड़ रहा है। हम प्रत्यक्ष युद्ध में जीत हासिल कर चुके हैं। आतंकवाद के छद्म युद्ध के खिलाफ भी काम चल रहा है और इसमें भी हम विजय हासिल करेंगे। हमारे सशस्त्र बलों को किसी भी परिस्थिति के लिए तैयार रखना हमारा उद्देश्य है और इस दिशा में हम बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत विरोध की भावना पाकिस्तान में कितनी बलवती है, इसका अंदाजा इस बात से लगता है कि गोरी, गजनवी, अब्दाली जैसे जिन आक्रांताओं ने भारत पर हमले किए, उनके नाम पर वह अपनी मिसाइलों के नाम रखता है। उनसे पूछना चाहिए कि उन्होंने तो आज के पाकिस्तानी भूभाग पर भी हमला किया था। दूसरी तरफ, भारत की मिसाइलों के नाम आकाश, पृथ्वी, अग्नि आदि होते हैं। अब तो हमारी एक मिसाइल का नाम संत भी रखा गया है, जिसका एक दिन पहले ही सफल परीक्षण हुआ है।

# काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की शुरूआत सपा सरकार ने की : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन किए जाने से एक दिन पहले समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की शुरूआत अपने मुख्यमंत्रित्व काल में होने का दावा करते हुए रविवार को आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भाजपा बुनियादी सवालों से ध्यान हटाने के लिए जनता को दूसरे मुद्दों में उलझा रही है। अखिलेश ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की क्रोनोलॉजी भी समझाई। ट्वीट कर लिखा कि सपा सरकार में करोड़ों का आवंटन हुआ। सपा सरकार में कॉरिडोर हेतु भवनों का अधिग्रहण शुरू हुआ। मंदिरकर्मियों के लिए मानदेय तय किया गया। ह्यपैदलजीवीह्न बताएं कि सपा सरकार के वरुणा नदी के स्वच्छता अभियान को क्यों रोका और मेट्रो का क्या हुआ।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था जिसे वह पूरा नहीं कर सकी। महंगाई बेकाबू है।

जनता यह सवाल न कर दे इसलिए काशी विश्वनाथ कारीडोर.... ध्यान हटाने के लिए यह सब मुद्दे उठाया जा रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की शुरूआत अपने शासनकाल में होने का दावा करते हुए कहा कि काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का प्रस्ताव भी अगर किसी ने कैबिनेट में पास किया था, शुरूआत अगर किसी ने की थी तो वह समाजवादी पार्टी की सरकार ही थी। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को महत्वाकांक्षी काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण करेंगे। इससे पहले, शनिवार को बलरामपुर में सरयू नहर परियोजना को लेकर भी अखिलेश ने राज्य की योगी आदित्यनाथ सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए दावा किया था कि इस परियोजना का तीन चौथाई काम सपा सरकार के कार्यकाल में ही हो गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा समाजवादी पार्टी की लाल टोपी को रेड अलर्ट बताए जाने से संबंधित एक सवाल पर अखिलेश ने इसे भाजपा द्वारा बहस के मुद्दों को बदलने की एक साजिश करार दिया।



## इसके लिए तो नोबेल मिलना चाहिए...गोवा में महिलाओं को ?5 हजार के वादे को लेकर चिदंबरम का ममता पर निशाना

**नई दिल्ली।** गोवा में इस बार पूरे दमखम से चुनाव लड़ने के लिए उतरीं ममता बनर्जी ने शनिवार को वादा किया कि अगर राज्य में उनकी पार्टी यानी तृणमूल कांग्रेस की सरकार बनती है तो महिलाओं को हर महीने पांच हजार रुपये दिए जाएंगे। इस चुनावी वादे पर अब पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने तंज कसा है और कहा है कि इसके लिए



अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार दिया जाना चाहिए। पी. चिदंबरम ने ट्वीट किया, 'यहां गणित को अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार मिलना चाहिए। गोवा के 3.5 लाख घरों में महिलाओं को हर महीने 5 हजार रुपये नगद देने से हर माह 175 करोड़ रुपये का खर्च होगा। यह एक साल में 2100 करोड़ रुपये होगा। चिदंबरम ने एक और ट्वीट किया और लिखा, 'यह गोवा जैसे राज्य के लिए 'छोटी रकम' है, जिसका मार्च 2020 तक कर्ज 23 हजार 473 करोड़ रुपये था। भगवान गोवा की रक्षा करें! या फिर यह कहा जाना चाहिए कि भगवान गोवा को बचाएं।' गोवा में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। फिलहाल गोवा में बीजेपी की सरकार है लेकिन आगामी चुनावों में तृणणूल कांग्रेस भी पूरे जोरशोर से लड़ने का ऐलान कर चुकी है। तृणमूल कांग्रेस ने गोवा के पूर्व सीएम और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लुइजिनो फलेरो को पार्टी में शामिल करवाकर ही अपने इरादे स्पष्ट कर दिए थे। ममता बनर्जी की अगुवाई वाली पार्टी ने घोषणा की है कि यह प्रदेश में सभी 40 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

# अब केरल में भी ओमिक्रॉन ने दी दस्तक, ब्रिटेन से आया शख्स मिला संक्रमित

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के ओमिक्रॉन वैरिएंट के केस ।गातार बढ़ते जा रहे हैं। अब केरल में भी ओमिक्रॉन ने दस्तक दे दी है। यहां ब्रिटेन से आया एक शख्स कोच्चि में ओमिक्रॉन संक्रमित पाया गया है। महाराष्ट्र, राजस्थान और दिल्ली के बाद ओमिक्रॉन वेरिएंट संक्रमण का एक मामला केरल में पहुंचने के बाद हड़कंप मच गया है। फिलहाल शख्स और उसके परिवार को तत्काल आइसोलेट कर दिया गया है। यह भी बताया गया है कि संक्रमित शख्स में गंभीर लक्षण दिखाई नहीं दे रहे हैं।

दरअसल, न्यूज एजेंसी एएनआई ने केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज के हवाले से बताया है कि केरल के कोच्चि में ओमिक्रॉन का पहला मामला सामने आया है। संबंधित शख्स 6 ??दिसंबर को ब्रिटेन से कोच्चि लौटा था। उसने 8 दिसंबर को परीक्षण कराया और वह पॉजिटिव पाया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि शख्स के बगल में बैठे यात्रियों को भी सूचित कर दिया गया है। फिलहाल शख्स की हालत स्थिर है और शख्स की पत्नी और मां ने भी जांच करा ली है, सभी को आइसोलेशन वार्ड में शिफ्ट किया गया है।

इससे पहले महाराष्ट्र के नागपुर में भी रविवार को ही ओमिक्रॉन का पहला मामला सामने आया। एक अधिकारी ने बताया कि पश्चिम अफ्रीकी देश से लौटा 40 वर्षीय एक व्यक्ति कोरोना वायरस के इस स्वरूप से पीड़ित पाया गया। इसके साथ ही महाराष्ट्र में ओमिक्रॉन के मामलों की संख्या बढ़कर 18 हो गई है। भारत में संक्रमित लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ओमिक्रॉन वैरिएंट के बारे में वैज्ञानिक अभी जानकारी जमा करने में जुटे हुए हैं। इस सबके बीच विशेषज्ञों का मानना है कि हाई सीरो पॉजिटिविटी रेट के कारण ठीक रहने की संभावना है। विशेषज्ञों ने टीकाकरण और कोविड गाइडलाइंस पालन करने की सलाह दी है।

बता दें कि देश में ओमिक्रॉन वैरिएंट के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। केंद्र सरकार ने कोरोना वायरस के ओमिक्रॉन वैरिएंट पर चिंताओं के बीच देश में मास्क का इस्तेमाल कम होने को लेकर शुक्रवार को आगाह किया और कहा कि लोग जोखिम भरा और अस्वीकार्य व्यवहार कर रहे हैं। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, पुणे जिले में साढ़े तीन वर्षीय बच्ची भी पॉजिटिव पाई गई है। यह बच्ची कोविड-19 के इस नए वैरिएंट से संक्रमित देश की सबसे कम उम्र की मरीज हो सकती है।

## काशी विश्वनाथ कॉरिडोर लोकार्पणः कल पीएम मोदी और सीएम योगी संग क्रूज पर होंगे भाजपा के 11 मुख्यमंत्री

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार शाम को रविदास घाट से राजघाट



तक गंगा में विहार करेंगे। क्रूज पर उनके साथ सीएम योगी आदित्यनाथ के अलावा 11 प्रदेशों के मुख्यमंत्री और नौ प्रदेशों के उप मुख्यमंत्री होंगे। क्रूज पर पीएम के साथ सभी काशी के घाटों की अनोखी छटा निहारेंगे। क्रूज पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, त्रिपुरा के विप्लव देव, गोवा के डॉ. प्रमोद सावंत, हरियाणा के मनोहर लाल खट्टर, हिमाचल प्रदेश के जयराम ठाकुर, कर्नाटक के विश्वराज बोम्मई, असम के हेमंता विश्वा शर्मा, गुजरात के भूपेंद्र भाई पटेल, अरुणाचल प्रदेश के पेमा खांडू, उत्तराखंड के पुष्कर सिंह धामी, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन विशेन सिंह होंगे। वहीं, गोवा के उप मुख्यमंत्री मनोहर अर्गोनकर, चंद्रकांत कावेलकर, बिहार के उप मुख्यमंत्री तारकेश्वर प्रसाद, रेनू देवी, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, दिनेशचंद शर्मा, नागालैंड के उप मुख्यमंत्री यथंगो पट्टन, त्रिपुरा के उप मुख्यमंत्री जिष्णु देव शर्मा, अरुणाचल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री चोनामीन होंगे।

# हिंदुओं को सत्ता में लाओ, राहुल गांधी की अपील पर बरसे ओवैसी, पूछा- केवल हिंदुओं का नहीं है भारत

**नई दिल्ली।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में रविवार को कांग्रेस की 'महंगाई हटाओ रैली' में राहुल गांधी महंगाई से ज्यादा हिंदु और हिंदुत्व पर बोले। दोनों के बीच फर्क बताते हुए राहुल ने मंच से अपील की कि हिंदुत्ववादियों को सत्ता से हटाकर हिंदुओं को वापस लाइए। राहुल गांधी की इस अपील पर सवाल उठाते हुए ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि भारत केवल हिंदुओं का नहीं बल्कि हर भारतीय का है। उन्होंने कांग्रेस के सेक्युलरिजम पर तंज कसते हुए पूछा कि हिंदुओं को सत्ता में लाना कैसे सेक्युलर अजेंटा हो सकता है? ओवैसी ने कहा, "राहुल और कांग्रेस ने हिंदुत्व की जमीन को उपजाऊ बनाया। अब वे बहुसंख्यकवाद की फसल काटने की कोशिश कर रहे हैं। हिंदुओं को सत्ता में लाना 2021 का सेक्युलर अजेंडा है। वाह! भारत सभी भारतीयों का है, केवल हिंदुओं का नहीं। भारत सभी धर्मों के लोगों



का है और उनका भी जिनका कोई विश्वास नहीं है।कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने हाल ही में आई अपनी किताब में हिंदुत्व की तुलना आईएस और इस्लामिक स्टेट जैसे आतंकवादी संगठनों से की है। इसके बाद से बीजेपी कांग्रेस पर हमलावर है। इसके बाद से राहुल गांधी हिंदु और हिंदुत्व को अलग बताने में जुटे हुए हैं। रविवार को एक बार फिर राहुल गांधी ने इसमें अंतर समझाते हुए कहा, "हिंदू वह है जो सभी धर्मों का सम्मान करता है, सभी को गले लगाता है और किसी से नहीं डरता। गीता, उपनिषद, रामायण, महाभारत को पढ़िए, कहां लिखा है कि गरीब और कमजोर को दबाया जाए?" राहुल ने महंगाई के लिए हिंदुत्ववादियों को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि इन्हें हर कीमत पर सत्ता चाहिए।

अपने भाषण की शुरूआत करते हुए राहुल गांधी ने कहा, "दो जीवों की एक आत्मा नहीं हो सकती उसी तरह दो शब्दों का एक मतलब नहीं हो सकता क्योंकि हर शब्द का अलग मतलब होता है। देश की राजनीति में आज दो शब्दों की टक्कर है। दो अलग शब्दों की। इनके मतलब अलग हैं। एक शब्द हिंदू दूसरा शब्द हिंदुत्ववादी। यह एक चीज नहीं है। ये दो अलग शब्द हैं। और इनका मतलब बिलकुल अलग है। मैं हिंदू हूं, मगर हिंदुत्ववादी नहीं हूं।" उन्होंने कहा कि वह आज मौजूद लोगों को हिंदू व हिंदुत्ववादी शब्द के बीच फर्क बताना चाहते हैं। उन्होंने कहा, "महात्मा गांधी हिंदू... गोडसे हिंदुत्ववादी। फर्क क्या होता है? फर्क मैं आपको बताता हूं। चाहे कुछ भी हो जाए हिंदू सत्य को ढूंढता है। मर जाए, कट जाए, पिस जाए, हिंदू सच को ढूंढता है। उसका रास्ता सत्याग्रह है। पूरी जिंदगी वह सच को ढूंढने में निकाल देता है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि महात्मा गांधी ने पूरी जिंदगी सच को ढूंढने में बिता दी और अंत में एक हिंदुत्ववादी ने उनकी छाती में तीन गोलियां मारी। हिंदुत्ववादी अपनी पूरी जिंदगी सत्ता को खोजने में लगा देता है। उसे सिर्फ सत्ता चाहिए और उसके लिए वह कुछ भी कर देगा। .... उसका रास्ता सत्याग्रह नहीं उसका रास्ता सत्ताग्राह है। राहुल ने कहा, "यह देश हिंदुओं का देश है, हिंदुत्ववादियों का नहीं है और आज अगर इस देश में महंगाई है दर्द है तो यह काम हिंदुत्ववादियों ने किया है। हिंदुत्ववादियों को किसी भी हालत में सत्ता चाहिए.. इनका सच्चाई से कोई लेना देना नहीं ... 2014 से इन लोगों का राज है हिंदुत्ववादियों का राज है हिंदुओं का नहीं।

# दुनिया को लोकतंत्र सिखाने वाले बिहार की शर्मनाक तस्वीर, वोट ना देने पर थूक चटवाया

**औरंगाबाद।** लिच्छवी गणराज्य के जरिए दुनिया को लोकतंत्र का मंत्र देने वाले बिहार से बेहद शर्मनाक तस्वीर सामने आई है। औरंगाबाद जिले में पंचायत चुनाव में वोट ना देने पर महादलित समुदाय के युवकों से उठक-बैठक कराई गई और थूक चाटने पर मजबूर किया गया। घटना का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे कुटुंबा प्रखंड के अंबा थाना क्षेत्र के डुमरी पंचायत के खरांटी टोले भुईयां बिगहा का बताया जा रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी मुखिया प्रत्याशी रहे बलवंत कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया कि पंचायत चुनाव में मुखिया पद के लिए वोट नहीं देने पर मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है। युवकों की पहचान अनिल कुमार भुइयां व मंजीत भुइंया के रूप में की गई है। वीडियो में युवकों के सामने इस पंचायत से मुखिया प्रत्याशी रहे बलवंत कुमार दिखाई पड़ रहे हैं, जो उनसे जबरन उठक-बैठक करा



रहे व थूक चटवा रहे हैं। उठक-बैठक के दौरान वे उन पर लात तानते भी देखे जा रहे हैं। आरोप है कि चुनाव में वोट न देने को लेकर मुखिया प्रत्याशी के द्वारा ऐसा कराया गया। आरोपी मुखिया प्रत्याशी पंचायत के सिंघना गांव के निवासी हैं। वायरल वीडियो के आलोक में एसपी कांतेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर अंबा पुलिस कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने बताया कि इस मामले में मंजीत भुइयां के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आगे की कार्रवाई की जाएगी। इधर मुखिया प्रत्याशी ने लगाए गए आरोपों से इंकार किया है।

## खबर संक्षेप

### बसनेहटा रिक्त प्रधान पद सीट पर दस प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**प्रतापपुर।** विकास खण्ड प्रतापपुर के ग्राम पंचायत बसनेहटा प्रधान लल्लन भारतीया के निधन से रिक्त सीट पर निर्वाचन अधिकारी मनोज राव जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी घनश्याम गुप्ता अवर अभियंता के समक्ष अनुसूचित सीट के लिए आरक्षित सीट से 10 प्रत्याशियों में राजेश कुमार, रमेश कुमार, शिव शंकर, हरिलाल, राम बहादुर, देवराज, मानिक चंद्र, अशोक कुमार, दुखीराम, रीता देवी ने नामांकन किया।एडीओ पंचायत राजबहादुर यादव ने बताया 13 दिसम्बर को नामांकन पत्रों की जांच एवं 14 को उम्मीदवारी वापस लेने के लिए तिथि निश्चित की गई है।

# फाफामऊ में मिट्टी का टीला धंसने से 5 छात्राएं घायल तीन की हालत नाजुक

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की हैं पांचो छात्राएं, सेफ्टी टैंक के पास मिट्टी खोद रही थी पांचो छात्राएं

अखंड भारत संदेश



घायल छात्रा को इलाज के लिए ले जाते लोग



हादसे से सदमें में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राएं

**फाफामऊ।** क्षेत्र के फाफामऊ कस्बा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की पांच छात्राएं मिट्टी का टीला धंसने से घायल हो गईं। घटना की सूचना से विद्यालय में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। घायल छात्राओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां तीन छात्राओं की हालत नाजुक बताई जा रही है। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गोहरी फाफामऊ शौचालय के लिए टंकी की खुदाई की गई थी। रविवार को विद्यालय की अध्यापिका आरती के द्वारा छात्राओं से गड्ढे को पाटने का काम कराया जा रहा था। इसी दौरान मिट्टी का टीला धंसने से पांच छात्राएं उसमें दब गई। बच्चियों की चीख पुकार सुनकर विद्यायल के स्टाफ सहित आसपास के लोग जुट गए। छात्राओं को किसी तरह से बाहर निकाला गया। हादसे में वर्षा (13), अंकिता (12), रागिनी (14), दीक्षा (12) और साक्षी (12) घायल हो गईं। सूचना पाकर मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। जानकारी होने पर जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। उप जिलाधिकारी ज्योति मौर्या, थानाध्यक्ष फाफामऊ, राजस्व निरीक्षक जयप्रकाश, क्षेत्रीय लेखपाल राजकुमार सागर सूचना पाते ही तत्काल मौके पर पहुंच गए और शिक्षकों और छात्राओं से पूछताछ की। इस दौरान विद्यालय पर भारी भीड़ जमा रही। घायलों का उपचार शांतिपुरम स्थित एक अस्पताल में चल रहा है। तीन छात्राओं को ज्यादा चोट लगने से हालत नाजुक बनी हुई है।

## न्यूज झरोखा

### विधायक उज्जवल रमण ने सुलमई गांव में लगाई चौपाल



**करछना।** विधायक करछना उज्जवल रमण सिंह ने ग्राम सभा सुलमई में चौपाल लगा कर लोगो की समस्याओं को सुना और हालचाल जाना ।ग्राम सभा सुलमई में चौपाल के माध्य से ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए गांव के सभी लोगो से मिलकर लोगो का हालचाल पूछा और गांव के वर्तमान प्रधान अनीता देवी के घर पर जाकर कराए जा रहे कार्यों पर जोर दिया और कहा कि जो कार्य अधूरे पड़े हैं उनको जल्द से जल्द पूरा करवाया जाएगा। मंत्री जी प्रधान के अलावा वर्तमान बी डी सी सुदर्शन से मिलकर परिचय प्राप्त किया ।माननीय बी डी सी सुदर्शन ने माल्यार्पण कर स्वागत किया , वहा पर मौजूद शीतला प्रसाद निषाद ग्राम प्रधान प्रतिनिधि , बी डी सी सुदर्शन निषाद , रामजग निषाद , देव राज निषाद , भोखल राम , राज कुमार शुक्ला , सुनील कुमार शुक्ला , राजू निषाद , मोनू पाण्डेय , सुनील कुमार निषाद ,राजेश कुमार शुक्ला ,रवीश तिवारी पूर्व जिला पंचायत सदस्य , मैहर दीन आदि लोग उपस्थित रहे।

### तमिलनाडु में शहीद हुए देश के वीर सपूतों को पत्रकारों ने अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की



**घूरपुर।** तमिलनाडु के कुन्नूर में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में भारत के मुख्य सैन्य सलाहकार जनरल बिपिन रावत उनकी धर्मपत्नी मधुलिका रावत एवं 11 अन्य सैन्य अधिकारी शहीद हो गए थे। हेलीकॉप्टर में कुल 14 लोग सवार थे जिनमें से एक सैन्य अधिकारी जनरल वरुण सिंह बुरी तरह घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती हैं। बड़ी संख्या में सैन्य अधिकारियों की शहादत से पूरा देश गमगीन है। जिसके परिपेक्ष में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में मंडल उपाध्यक्ष प्रयागराज बंसीलाल पटेल के नेतृत्व में सभी पत्रकारों ने मंगलम गेस्ट हाउस घूरपुर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए सभी पत्रकारों ने दिवंगत सैन्य अधिकारियों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए गंभीर रूप से घायल वरुण सिंह के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की। सभी पत्रकारों ने अंत में 2 मिनट का मौन रखकर शहीद हुए सैन्य अधिकारियों के आत्मा को शांति प्रदान करने एवं परिजनों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉक्टर लालचंद पटेल जिला उपाध्यक्ष ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन, राजेंद्र प्रताप सिंह बारा तहसील अध्यक्ष, आर के शर्मा रामबाबू पटेल, राजू सिंह कुशवाहा, के सी साहू राजेश सोनकर, रोहित शर्मा, अखिलेश यादव, मान सिंह, शंकर लाल साहू, हिमांशु तिवारी, रमेश पटेल सहित दो दर्जन पत्रकार एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### भूलेंद्र एवं पिलखिनी में स्वच्छता अभियान चलाया



**जंघई।** जंघई मंडल के पिलखिनी शक्ति केंद्र पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत साईं मंदिर भुलेंद्र पर स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया ।जिसमें ब्लाक प्रमुख प्रतापुर शैलेश यादव, समाजसेवी पंडित विजय शर्मा, मंडल अध्यक्ष जंघई संदीप तोगड़िया, मंडल मंत्री मनोज दुबे, शक्तिकेन्द्र सयोंजक अजीत मिश्रा, बूथ अध्यक्ष संजय मिश्रा, योगेश मिश्रा, रिंकू मिश्रा, प्रभात मिश्रा सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भारत माता की जय, जय श्रीराम से गूंजा प्रतापपुर क्षेत्र



**प्रतापपुर।** स्वाधीनता की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में अमृत महोत्सव के तहत तिरंगा यात्रा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद व भाजपा कार्यकताओं ने निकाली ।रामजानकी मंदिर जंघई से तिरंगा यात्रा निकाल कर पूरे क्षेत्र में भ्रमण करते हुए भारत माता की जय, वंदे मातरम और राष्ट्रीय गीत से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। डीजे और रथ पर भारत माता, महारानी लक्ष्मीबाई व भगत सिंह जैसे महान क्रांतिकारियों की झांकी भी सजाई गई थी इसमें बड़ी संख्या मे क्षेत्र के लोग शामिल रहे ।अमृत महोत्सव समिति प्रतापपुर के तत्वावधान में आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा श्री रामजानकी मंदिर जंघई से वारी प्रतापपुर उग्रसेनपुर नेदुला से पुनः जंघई में समापन हुआ। जिसमे नितिन जी जिला प्रचारक ज्ञानेंद्र जी विस्तारक आरएसएस, पंडित विजय शर्मा, कैप्टन करन सिंह, राजू सिंह, बच्चन मिश्रा प्रधान पिलखिनी, अनिल द्विवेदी, अनिल उपाध्याय, रमेश तिवारी, शैलेश पाठक, रोहित ब्राह्मण, विजय, मनोज दुबे, अशोक दुबे, अरविंद दुबे, मुन्ना सिंह, कुणाल चतुर्वेदी, किशन पाठक, देवेंद्र, बृजेश, आशीष, गुड्डू जायसवाल, सुजीत आदि लोग तिरंगा यात्रा में शामिल रहे।

### पंद्रह हजार से अधिक बेटियों को सौंपा जाएगा मास्क, साबुन व अन्य सामान



**जसरा।** बेटियां समाज की कर्णधार हैं। बेटियों की देखरेख एवम समान अवसर पर प्रदान करना हम सभी लोगों की नैतिक जिम्मेदारी हैं। स्त्री वर्ग के सम्मान एवम समान अवसर से ही देश की प्रगति एवम खुशहाली सम्भव हैं। उक्त बातें इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोध छात्र अभिषेक सिंह पटेल ने रविवार को क्षेत्र के बादलगंज मे सेना प्रमुख विपिन रावत सहित अन्य सेनाअधिकारियों के स्मृति व श्रद्धांजलि सभा मे वृक्षारोपण के दौरान बोल रहे थे। इस दौरान श्री पटेल यह भी जानकारी प्रदान करते हुए बोले कि आगामी 15दिसम्बर से 31मार्च तक जनपद के विभिन्न शैक्षिक संस्थानों मे 15000से अधिक बेटियों को निःशुल्क मास्क, साबुन एवम सेनेटरी पैड वितरित करेंगे। इस दौरान श्री पटेल ने यह भी जानकारी प्रदान किये कि इसी माह से मतदाता जागरूकता अभियान भी संचालित किया जाएगा।

### मनकामेश्वर धाम में मिश्र बंधुओं का भजन कीर्तन कल



**लालापुर।** क्षेत्र के मनकामेश्वर धाम में नौ दिवसीय शिवशक्ति महायज्ञ का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रयागराज के मशहूर कलाकार मिश्र बंधुओं का कार्यक्रम कल (मंगलवार)को शाम 05 बजे से 08 बजे तक भजन कीर्तन होगा।कार्यक्रम के आयोजक शंकरलाल पाण्डेय ने बताया कि प्रयागराज के मशहूर भजन गायक मिश्र बंधु मनकामेश्वर धाम में चल रहे श्री शिवशक्ति महायज्ञ में आकर भजन कीर्तन करेंगे।

# प्रमुख प्रतिनिधि मेजा ने मुफ्त राशन वितरण की शुरूआत की



मुफ्त राशन वितरण की शुरुआत करते प्रमुख प्रतिनिधि मेजा।

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने रविवार से पात्र राशनकार्ड धारकों को दोगुना राशन उपलब्ध करा रही हैं। इसी क्रम में विकास खंड उरुवा के बिरतिया गांव में राशन की दुकान से मुख्यमंत्री अन्न वितरण योजना के तहत मेजा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्रा के द्वारा कार्ड धारकों को राशन वितरित किया गया। इस दौरान प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की योजनाएं गरीबो के लिए रामबाण है। जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ सबका विकास के तहत समूचे देश का विकास कर रहे हैं।इस तरह के विकास पिछली सरकारों में देखने को नहीं मिला था। योगी सरकार में सपा शासन की तुलना में 8 गुना ज्यादा गेहूं खरीद हुई है। मोदी . योगी सरकार गरीब हित में काम कर रही है। भाजपा सरकार में सपा शासन की तुलना में 8 गुना ज्यादा गेहूं खरीद हुई है। इस योजना का लाभ मार्च तक कार्ड धारकों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि विगत माह योगी ने अयोध्या दौरे के समय होली तक मुफ्त राशन देने का एलान किया था जिसके बाद से यूपी के पात्र कार्ड धारकों को हर महीने 10 किलो राशन मुफ्त दिया जा रहा है। केंद्र ने भी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को मार्च 2022 तक बढ़ा दिया है। इतना ही नहीं यूपी सरकार राशन कार्ड धारकों को महीने में दो बार गेहूं और चावल मुफ्त दे रही है।राशन दुकानों से दालए खाद्य तेल और नमक भी मुफ्त दिया जा रहा है।बता दें कि प्रदेश सरकार ने कोरोना काल में भी गरीबों और बेसहारा लोगों की मदद की और 80 हजार कोटेदारों के माध्यम से राशन वितरण अभियान को हर गरीब तक पहुंचाने का बड़ा काम किया है। राशन वितरण के समय कोटेदार उपासना द्विवेदीए मिलन द्विवेदी, लव द्विवेदी सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में वितरण किया गया राशन

**करछना।** रविवार को निःशुल्क खाद्यान्न वितरण दिवस मनाया गया । इस दौरान राशन कार्ड धारकों को चावल व गेहूं के साथ ही निःशुल्क दाल, तेल व नमक भी वितरित किया गया । वितरण के दौरान राशन की दुकानों पर लगाए गए नोडल अधिकारियों के साथ साथ जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहें। अंत्योदय व पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों को अभी तक निःशुल्क चावल व गेहूं दिया जा रहा था। अब इसके साथ ही उनको दाल, तेल व आयोडाइज्ड नमक भी दिया जा रहा है । इसका शुभारंभ रविवार से प्रारम्भ हो गया । अंत्योदय कार्ड धारकों को 35 किलोग्राम खाद्यान्न (20 किलोग्राम गेहूं, 15 किलोग्राम चावल) तथा पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को प्रति यूनिट पांच किलोग्राम खाद्यान्न (तीन किलोग्राम गेहूं, दो किलोग्राम चावल) वितरित किया जा रहा है । खाद्यान्न वितरण 12 से 20 दिसंबर तक होगा। खाद्यान्न वितरण के प्रथम दिन करछना तहसील के अंतर्गत आने वाले उचित दर की दुकानों पर 50 कार्डधारकों को बुलाया गया था। बाकी को अन्य दिनों में खाद्यान्न वितरण होगा।

### राशन कार्ड धारकों को राशन के साथ ही निश्शुल्क दाल, तेल व नमक किया गया वितरण



निःशुल्क खाद्यान्न सामग्री वितरण करते हुए

### पर्याप्त खाद्य पदार्थ न मिलने से कोटेदारों में आक्रोश

**करछना।** क्षेत्र में मुफ्त में मिलने वाले राशन के साथ ही पर्याप्त मात्रा में नमक, तेल और चना न मिलने से कोटेदारों में आक्रोश व?याप?त देखा गया। क्षेत्र के उचित दर विक्रेताओं ने बताया कि कार्ड धारकों की संख्या 200 से अधिक है। हालांकि उन?हें नमक, तेल और चना का 50-50 पैकेट ही मिला है। ऐसे में किस कार्ड धारक को दिया जाएगा, इसी पसोपेश में कोटेदारो के सामने समस्या उत्पन्न हो गई है ।

## महात्मा मानव सेवा संस्थान द्वारा मुफ्त कन्या विवाह हुआ सम्पन्न



**जंघई।** जंघई के राम जानकी मंदिर पर रविवार को महात्मा मानव सेवा संस्थान द्वारा आयोजित मुफ्त कन्या विवाह समारोह का आयोजन करके एक जोड़े का विवाह सम्पन्न कराया गया। संस्थान के प्रबंधक स्वामी विनोदानंद महाराज द्वारा कुमारी अंशु पुत्री अमृतलाल चौहान निवासी अर्जुनपुर एकौनी जनपद भदोही की शादी रामनिवास पुत्र बच्चू सिंह निवासी भोथपुरा भवनपुर राजस्थान के साथ संपन्न कराई। विनोदानंद महाराज ने कन्या दान किया और संस्थान की ओर से कन्या को शादी में बेड अलमारी बक्सा अन्य सामान दिया गया।इस मौके पर दीपक गुप्ता, जय प्रकाश मौर्या, गुलाब गुप्ता, कन्हैयालाल उमरवैश्य, बल्लू पासी कमलेश मौर्या, राजधारी यादव, कमला मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

# किसानों के हक के लिए सभी को आगे आना होगा : कैप्टन डी पी एन सिंह

अखंड भारत संदेश




मंच पर उपस्थित किसान पदाधिकारी

**करछना।** किसानों की एकता से ही किसानों का हित होगा, किसानों को हक के लिए लड़ना पड़ेगा यह बात संघ के राष्ट्रीय संरक्षक कैप्टन डी पी एन सिंह जी ने किसान सम्मेलन भीरपुर में कही।: भारतीय किसान कल्याण संघ प्रयागराज जिला इकाई द्वारा भीरपुर में जिला सम्मेलन का आयोजन किया गया इसमें बतौर मुख्य अतिथि कैप्टन डी पी एन सिंह पूर्व न्यायाधीश ने कहा कि किसान हमारे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं किसान ही देश की असली ताकत है दिल से हमारे देश के लोगों का पेट भरता है संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बतौर विशिष्ट अतिथि उपाध्याय ने कहा कि संगठन की ताकत धीरे-धीरे बढ़ रही है आप सब लोगों के सहयोग से संघ निरंतर दिन अग्रसर हो रहा है जो किसानों के हक की लड़ाई करने के लिए हमेशा तत्पर रहता है वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री सुरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि सभी लोग एकजुट होकर के संगठन को मजबूत बनाने का प्रयास करें जिससे संगठन किसानों का सहयोग कर सकें राष्ट्रीय प्रवक्ता संतोष त्रिपाठी ने कहा कि आज हमारे देश में किसानों की स्थिति बद से बदतर हो गई है सरकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही हैं किसानों को एकजुट होकर के अपनी लड़ाई लड़नी होगी समारोह का संचालन जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा ने किया अध्यक्षता समाजसेवी छोटे लाल शर्मा ने की उसके पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा को प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया और पूरे प्रदेश में संगठन को मजबूत करने व्यक्त करते हुए क्षेत्र के गणमान्य एवं। किसानों को अंगवस्त्रम उपस्थित पत्र देकर के सम्मानित किया गया।

# फालोअप : अधिकारी मेहरबान तो कर्मचारी पहलवान

अखंड भारत संदेश

### महीनों से निलंबित लेखपाल करता रहा लेखपाली, जिंदा को मुर्दा दिखा कर एक महिला की भूमि अपने रिश्तेदार भू माफिया के नाम करदी थी लेखपाल ने जमीन, डीएम ने निलंबित करने का दिया था हुक्म, दोषी लेखपाल,भू माफिया, सहित चार लोग के विरुद्ध केस दर्ज

**कोराव।** किसी ने सच ही कहा है कि अधिकारी मेहरबान तो कर्मचारी पहलवान,यह कहावत तहसील कोराव में देखने को मिला। जहा एक लेखपाल द्वारा अपने रिश्तेदार भू माफिया के नाम एक महिला को साल भर पूर्व मृतक दिखा कर उसकी भूमि ट्रांसफर कर दी थी। जिसकी जानकारी होते ही महिला जिलाधिकारी के सामने पेश हो कर अपने जीवित होने का सबूत पेश किया था।

उल्लेखनीय है कि ग्राम सभा देवघाट के लेखपाल राजबहादुर सिंह पटेल ने मालती देवी पाल पत्नी सुखलाल पाल की भूमि को ग्राम अल्हवा निवासी सुखलाल सिंह पटेल के नाम पिछले साल फरवरी दो हजार बीस में ट्रांसफर कर दी थी। उक्त महिला को जानकारी तब हुई जब खजुरी गांव के एक व्यक्ति द्वारा उक्त भूमि को चार लाख में खरीदने के लिए बैनामा कराने जा रहा था। सिकायतोप्रांत तहसील के अधिकारी उक्त लेखपाल आदि को बचाने लगे। न्याय हेतु महिला जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री के सामने पेश हुई। जिसपर उसकी भूमि उसके खाते में ट्रांसफर हुई। और लेखपाल को निलंबित किया गया। किंतु लेखपाल एस डी एम और तहसीलदार कोरांव की छात्र छाया से निलंबित होते हुए भी काम काज देखता रहा,किसी को चार्ज नहीं दिया। और लेखपाल भू माफिया उसके सहयोगी महिला को तरह तरह की जान से मारने आदि की धमकियां दिलाता रहा। पुलिस अधिकारियों से केस दर्ज किए जाने की शिकायत के बावजूद एफ आई आर नहीं दर्ज हुई,तो पिरिता मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रयागराज का दरवाजा खटखटाया,जिस पर 29 नवंबर को न्यायालय ने थाना प्रभारी कोराय को मुकद्दमा पंजीकृत करने का आदेश पारित कर दिया। जिसमे भू माफिया सुखलाल सिंह पटेल,सहयोगी पवन कुमार पाल निवासी गण अल्हवा,लेखपाल देवघाट राजबहादुर सिंह पटेल,तत्कालीन कानूनगो राम आसरे के विरुद्ध थाना में क्राइम नंबर 412/21 धारा 419,420,467,468,471,506,आई पी सी में केस दर्ज हुआ। भू माफिया द्वारा महिला को केस वापिस लिए जाने की धमकी दी जा रही। फिलहाल पुलिस जांच कार्यवाही हेतु साक्ष्य जुटाने में लगी है जिससे गिरफ्तारी की जा सके।

### भूमि विवाद में जा चुकी है कई जान

तहसील कोरांव में तैनात कुछ ऐसे भी राजस्व कर्मी हैं जहां विवादों में एक पक्ष से सांठ गांठ कर सुविधा शुल्क ले कर निस्पक्छ पैमाइस नहीं करत्रे जिससे भूमि विवाद हुए और होते रहते हे,जिस कारण कई लोग जान गंवा चुके तथा हांथ पैर तुड़वा लिए हैं। कुछ लेखपाल ऐसे हैं कि सीमांकन पैमाइस के नाम पर टीम गठित कर एक पक्ष से रकम ले कर किसी की भूमि दूसरे में निकाल देते हैं,किसी के घर द्वार सरकारी में नाप देते हैं,और विवाद को जन्म देते हैं किंतु ऐसी कार्यवाहियों में राजस्व अधिकारी मोनिट्रिंग नहीं करते। न ही अंकुश लगाते हैं। कई ऐसे नजीरें हैं कि सरहगों ने पुराने जमाने के बने मकानों को कब्जा कर के परेशान कर रहे हैं लेकिन तहसील के अधिकारी मौके पर जाकर भी दोषी को दंडित नहीं करते। जिससे सरहंगों के हौंसले बुलंद हो रहे। पुलिस का अलग रोना है,उनकी बातों पर गौर करें तो स्पष्ट आदेश न होने से पुलिस कार्यवाही नहीं कर पाती।

### क्या बोल रहे राजस्व विभाग के सताए हुए लोग



मेरे बाप दादा के जमाने के मकान वर्षा से ढहने लगा तो मरम्मत कराने लगा। किंतु सरहंग निर्माण नहीं करने दे रहे। कई बार थाना पुलिस और एस डी एम और तहसीलदार आए देखे आदेश किए किंतु सरहांगों को दंडित नहीं कर रहे। इंतजार है इन अधिकारियों को कि कोई हत्या हो तब सोचें। तहसील और चकबंदी विभाग के मारे लोग उबर नहीं पा रहे। पीएम आवास भी मिला है नहीं बना पा रहा हूं।

**सुखलाल विश्वकर्मा पत्रकार खजुरी कोराव, प्रयागराज।**



मेरे साथ अन्याय धोखाधड़ी की गई। जमीन मेरी बिकने जा रही थी, जैसे जानकारी हुई प्रशासन को अवगत किया। जिस आधार पर कानूनी कार्यवाही हुई। अब धमकियां तरह तरह की दी जा रही। जमीन मेरी वापिस हुई,साल भर से राजस्व अधिकारी फ्रॉड करने वालों को सबक नहीं सीखाए।

**मालती देवी पाल ग्राम देवघाट,महुली कोरांव प्रयागराज।**

## खबर संक्षेप

### पूर्व शिक्षक के निधन पर हुई शोकसभा

**करछना।** क्षेत्र के रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इंटर कालेज रामपुर के पूर्व शिक्षक करछना गांव निवासी धीरेन्द्र सिंह 67 के निधन पर विद्यालय में शोकसभा आयोजित की गई।इस दौरान प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने कहा कि अपने उत्तम आचरण और आदर्श दिनचर्या को लेकर वे सदैव शिक्षकों और बच्चों के बीच बहुत प्रिय रहे।एनसीसी आफीसर रहते हुए उन्होने पूरे निष्ठा और संकल्प के साथ शिक्षण कार्य का निर्वहन किया।उनके निधन से विद्यालय परिवार को गहरा आघात पहुंचा है।प्रार्थना सभा के दौरान शिक्षकों कर्मचारियों और बच्चों ने दो मिनट का मौन रखते हुए दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से पार्थना की।इस मौके पर जितेन्द्र कुमार,प्रदीप श्रीवास्तव,रमेश तिवारी,चन्द्र शेखर सिंह,जगतपाल,मालती शर्मा,सुरेश कुमार,विजय सिंह,सुधा सिंह,विश्वेष ओझा,कमला शंकर तिवारी,अशोक सिंह समेत शिक्षक,कर्मचारी और बच्चे मौजूद रहे।

# मेला प्रशासन : दारागंज पुल का निर्माण रोके रेलवे रेलवे विकास निगम को भेजा गया पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** दारागंज को झूंसी से जोड़ने के लिए बनाए जा रहे रेल पुल का निर्माण रोकने की मांग माघ मेला प्रशासन ने की है। इस संबंध में मेला प्रशासन की ओर से पुल निर्माण की कार्यदायी संस्था रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) को पत्र भेजा गया है। पत्र में मेला अवधि तक पुल निर्माण रोकने को कहा गया है। वहीं पहले से ही जमीन संबंधी तमाम दिक्कतों की वजह से पुल निर्माण में विलंब होने की वजह से आरवीएनएल के अफसरों ने मंडलायुक्त से मुलाकात कर अपनी बात रखी है। उनसे कहा गया है कि पिछले वर्ष भी मेला अवधि में रेलवे द्वारा पुल निर्माण का कार्य किया जा रहा था। जब उस दौरान कोई दिक्कत नहीं हुई तो इस बार मेला प्रशासन काम क्यों रुकवाना चाह रहा है।

दरअसल मेला प्रशासन द्वारा आरवीएनएल के महाप्रबंधक को संबोधित एक पत्र सात दिसंबर 21 को ही भेजा गया था। उस पत्र के माध्यम से कहा गया था कि रेलवे मेला अवधि में अपना कार्य स्थगित रखे। ताकि मेला क्षेत्र में आने वाले यात्रियों का आवागमन सुगमता पूर्ण हो। रेलवे को पत्र भेजे जाने के पूर्व रेलवे की ओर से पहले ही मेला प्रशासन को अवगत करवाया जा चुका है कि मेला अवधि में वह पुल का निर्माण बंद नहीं कर सकते। इस दौरान वह कार्य स्थल पर टिन शेड का घेरा बनाकर सुरक्षात्मक उपाय करेंगे।वैसे भी पुल निर्माण बंद करने के लिए रेलवे मंत्रालय से अनुमति लेनी होगी। वहीं दूसरी ओर सेना द्वारा भी दारागंज साइड में पुल निर्माण के लिए जमीन 27 अक्तूबर 21 को ही दी गई थी। इस वजह से पुल का काम पहले ही काफी पिछड़ चुका है। अब आरवीएनएल अफसरों ने अपनी सारी बात मंडलायुक्त संजय गोयल तक पहुंचाई है। बता दें कि झूंसी साइड में पिलर नंबर एक से 11 तक का काफी काम हो चुका है। अब पिलर नंबर 12 से 16 और दारागंज साइड में पिलर नंबर 24 एवं 25 पर काम चल रहा है। इस बारे में आरवीएनएल के महाप्रबंधक वीके अग्रवाल का कहना है कि अभी पुल का निर्माण चल रहा है। यह महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। इसे रोकना आसान नहीं है। मंडलायुक्त को पूरी बात से अवगत करा दिया गया है।


पुल निर्माण का चल रहा कार्य

# आकांक्षा पाण्डेय को मिला जेम ऑफ इण्डिया एवं, बेस अवार्ड साथ ही इंफ्लुएंशिएल वूमेन 2021 सम्मान

## 95 वां एक्सिलेंस अवार्ड 2021 एवं नेशन्स चॉइस अवार्ड 2021

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** दिल्ली में आयोजित अलग-अलग अवार्ड शो में प्रयागराज की आकांक्षा पाण्डेय को 95वें एक्सिलेंस अवार्ड 2021कार्यक्रम में जेम ऑफ इण्डिया अवार्ड व *बेस अवार्ड और नेशन्स चॉइस अवार्ड कार्यक्रम में इंफ्लुएंशिएल वूमेन 2021 सम्मान से सम्मानित किया गया। विगत 06 दिसम्बर को दिल्ली के पांच सितारा होटल ली-मेरीडियन में आल इण्डिया अचीवर्स कॉन्फ्रेंस (अकअउ) द्वारा आयोजित 95वें एक्सिलेंस अवार्ड 2021 कार्यक्रम में प्रयागराज की आकांक्षा पाण्डेय को बिजनेस अचीवर एंड सोशल इंटरप्रेनर्स के लिए *बेस अवार्ड एवं लोगों के जीवन मे अदभूत बदलाव के लिए जेम ऑफ इण्डिया अवार्ड से कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के केन्द्रीय कानून व न्याय मंत्री माननीय प्रो. एस.पी.सिंह बघेल, भारत की पद्मश्री गजल गायिका पीनाज मसानी, फिल्म अभिनेता सुरेन्द्र पाल सिंह, दिल्ली सरकार के पूर्वमंत्री व विधायक माननीय शोमनाथ भारती एवं कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ समाजसेवी अभिषेक बच्चन की मौजूदगी में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक बच्चन ने बताया कि इस सम्मान समारोह में देश से चुनिंदा शख्सियत को अलग अलग क्षेत्र में सम्मानित करने के लिए चुना गया था। कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इण्डिया नई दिल्ली द्वारा क्लब के सेन्ट्रल हॉल में 10 दिसम्बर को आयोजित नेशन्स चॉइस अवाड्र्स कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीया डा.सुधा यादव ( सदस्य - एन.सी.बी.सी. , पूर्व सांसद ), कैप्टन अमरीश कुमार अस्थाना (कोच - भारतीय ओलंपिक एथलेटिक्स टीम ), माननीय मलूक नागर सांसद बिजनौर, माननीय हरिकेश बहादुर पूर्व सांसद, श्रीमती सोनिका नागर ( कैप्टन उत्तर प्रदेश पुलिस कबड्डी टीम),सुश्री प्रीति बोस (अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर), अधिवक्ता सुमन दहिया( पूर्व उपाध्यक्ष प्रदेश महिला आयोग हरियाणा) श्री पंकज जसमानी( सिंगर, कम्पोजर, राइटर ),सुश्री मीनाक्षी दत्त ( सिलेब्रेटी मेकअप आर्टिस्ट)की मौजूदगी में नेशन्स चॉइस अवाड्र्स के लिए देश की चुनिंदा महिलाओं में से एक प्रयागराज की आकांक्षा पाण्डेय को बेस्ट मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में इंफ्लुएंशिएल वूमेन 2021 अवार्ड से सम्मानित किया। सम्मान से अभिभूत आकांक्षा ने बताया कि लोगों के जीवन मे अदभूत बदलाव लाना, उनको नई राह दिखाकर सफलता की ओर प्रोत्साहित करना ही उनके जीवन का मकसद है। आकांक्षा ने बताया कि 18 दिसम्बर को शेड्स ऑफ इण्डिया मैगजीन द्वारा नई दिल्ली में आयोजित स्लैम के बच्चो के लिए आयोजित डांस कॉम्पटीशन में उन्हें स्पेशल गेस्ट बनाया गया है।


दिल्ली में सम्मानित होती प्रयागराज की बेटी आकांछा पांडेय

# पीएम के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने परेड पहुंचे कमिश्नर और डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** परेड मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 21 दिसंबर को होने वाले संभावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कमिश्नर संजय गोयल और डीएम संजय खत्री ने रविवार को वहां निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों अफसरों ने परेड मैदान में पंडाल की साइज, वाहन पार्किंग, ट्रैफिक प्लान को लेकर अफसरों और कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से बात की।

बताया जा रहा है कि परेड मैदान में जर्मन हैंगर तकनीक के तीन बड़े पंडाल लगाए जाएंगे। कहा गया है कि पंडाल में प्रकाश की उचित व्यवस्था हो, ताकि अगर शाम भी हो जाए तो वहां पर्याप्त उजाला रहे। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम में प्रदेश भर के सभी 75 जिलों से ढाई लाख के आसपास महिलाएं प्रयागराज आएंगी। इन महिलाओं के बैठने का क्रम क्या होगा और उनके यहां आगमन-प्रस्थान और ठहरने की क्या व्यवस्था रहेगी उसके बारे में भी चर्चा हुई। दरअसल प्रदेश के सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मेरठ, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, शामली, अलीगढ़, मथुरा, बरेली, गाजियाबाद, बुलंदशहर, नोएडा, हाथरस, आगरा समेत कई जिले ऐसे हैं जहां से महिलाएं एक दिन पहले रोडवेज बसों से यहां लाई जा सकती हैं। चर्चा यह भी है कि इन महिलाओं को मेला क्षेत्र में स्विज कॉटेज बनाकर ठहराया जाएगा। हालांकि अधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं हुई है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य भी इसी सप्ताह कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए आ सकते हैं।

# समाजवादी सरकार में ही सभी का हित है निहित : हर्षित पाण्डेय

**अखंड भारत संदेश**

समाजवादी युवजन सभा की फूलपुर ब्लाक कमेटी के गठन में जुटे सपा कार्यकर्ता

ब्लाक अध्यक्ष राजेंद्र भारतीय ने किया अतिथियों जोरदार स्वागत

**फूलपुर।** प्रदेश में बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी, बिगड़ती कानून व्यवस्था से जनता परेशान हो चुकी है। इसलिए प्रदेश की जनता पूरे मन से अबकी बार समाजवादी की सरकार बनाना चाहती है। इसलिए कार्यकर्ता पुरजोर से चुनाव की तैयारी में लग जाएं। उक्त बातें रविवार को फूलपुर के वीरकाजी गांव में उपस्थित सपा कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष हर्षित पाण्डेय ने बतौर मुख्य अतिथि कही। समाजवादी युवजन सभा की फूलपुर ब्लाक कमेटी विस्तार के लिए आयोजित कार्यक्रम में भाजपा सरकार पर पर बिफरते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार अपने हर मुद्दे पर विफल है। सपा की रैलियों में उमड़ता विशाल जनसमूह इस बात का गवाह है कि जनता अब भाजपा को हटाना चाहती है। उन्होंने कहा की गरीब हो या बेरोजगार सपा की सरकार में ही सबका भला है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव पवन गोस्वामी व समाजवादी युवजन सभा के जिला महासचिव अरूण यादव ने कार्यकताओं का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि सपा सरकार में ही कार्यकताओं का सम्मान है इसलिए अधिक से अधिक संख्या में युवाओं को जोड़कर बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने का काम करें। कार्यकम में उपस्थित अतिथियों को ब्लाक अध्यक्ष राजेंद्र भारतीय के साथ ही अन्य सपा कार्यकताओं ने माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। मुख्य अतिथि के साथ ही अन्य अतिथियों को माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत करते हुए समाजवादी युवजन सभा के ब्लाक अध्यक्ष राजेंद्र भारतीय ने सभी का आभार व्यक्त किया।इस दौरान महासचिव सहित कुल 26 पदों के साथ कार्यकारिणी का गठन हुआ। नव नियुक्त कार्यकारिणी सदस्यों को जिलाध्यक्ष द्वारा मनोनयन पत्र दिया गया। मौके पर महानगर अध्यक्ष संदीप सिंह (सत्या),विधान सभा अध्यक्ष कुमार मंगल, युवा सपा नेता राजेश यादव उर्फ राजू टंकी, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य संतोष यादव,ध्रुव प्रकाश विश्वकर्मा, सुजीत यादव,सौरव यादव, शेरखान, विवेक यादव, इंजीनियर राजेश यादव सहित सैकड़ों की संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।


मनोनयन पत्र के साथ ब्लाक कार्यकारिणी के मनोनीत पदाधिकारी

## न्यूज झरोखा

### इलाहाबाद विकास मंच की कार्यकारणी की बैठक बाई का बाग कार्यालय पर सम्पन्न हुई



**करछना।** बाई का बाग 'इलाहाबाद विकास मंच' की कार्यकारणी की बैठक बाई का बांग में हुई जिस पर प्रमुख रूप से शराब की दुकानों के आस पास व सड़को पर शराब पीने वालों पर चर्चा हुई बैठक में तय हुआ कि सम्बन्धित प्रकरण पर 20 दिसम्बर को जिलाधिकारी/जिला आबकारी अधिकारी को ज्ञापन देने का प्रस्ताव पास हुआ,इलाहाबाद विकास मंच कि महिला शाखा कि अध्यक्ष पूनम यादव व उपाध्यक्ष निशा मिश्रा ने सार्वजनिक स्थानों जैसे पार्कों में बस स्टैंड व स्टेशन पर शराब पीने वालों के ऊपर सकती हो और इस पर पर शासन को अवगत कराने की बात कही है।बैठक में सर्व श्री जावेद अहमद,परवेज अहमद ,मो0 आशिक,दीपचंद्र शर्मा रमेश साहू ,पूनम यादव, निशा मिश्रा,जावेद अख्तर गुफरान खान व मनोज निषाद ने बैठक को सम्बोधित कर शराब पीने की समस्या पर प्रकाश डाला ।

### भाजपा सरकार से किसान, मजदूर परेशान : विनय दूबे



**सहसों।** उत्तर प्रदेश की इस भाजपा सरकार से आम जनता एवं किसान, मजदूर, गरीब परेशान है। एक तरफ सरकार धान खरीद के लिए ढिंढोरा पीट रही है तो दूसरी तरफ बिचौलिए किसानों का धान खरीदकर मालामाल हो रहे हैं। उक्त बातें उमरीमय टटिहरा गांव में अशोक मिश्रा के आवास पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पीसीसी सदस्य विनय दूबे ने किसानों की एक बैठक मे कहीं। उन्होंने कहा भाजपा सरकार में केवल बिचौलियों की चांदी है। किसान आज भी बहुत परेशान है। फुलपुर क्षेत्र में चल रहे क्रय केंद्रों में अधिकांश पर ताला लटक रहा है। डीएपी आज भी किसानों की पहुंच से दूर है। जिसके चलते किसानों की बुवाई पिछड़ गई। बैठक का संचालन करते हुए जिला सचिव अशोक मिश्रा ने कहा कि केंद्र में बहुमत की सरकार होते हुए बिना चर्चा अध्यादेश के माध्यम से तीन कृषि कानून किसानों पर थोपा गया। और पुनः सदन में बिना चर्चा वापस कर लिया गया। जो संसद की मयार्दा को कलंकित करता है। कांग्रेस नेता ने बताया कि सरकार बेरोजगारी, मँहगाई, भ्रष्टाचार, शिक्षा, चिकित्सा जैसी मूलभूत जरूरतों पर न बोलकर मंदिर मस्जिद की बात करती है। अब इनकी झूठी राजनीति को जनता समझ गई है। जिसका माकूल जवाब आने वाले चुनाव में जनता जरूर देगी। इस दौरान कमला मिश्रा,बाबादीन भारतीया,सुरेश कुमार, अमरीश मिश्रा, विजय मिश्र, रामफेर, अमृतलाल, सुधाकर,असगर,राधेश्याम,मो अनीश आदि मौजूद रहे।

### संस्थापक के जन्म दिन के अवसर पर उत्कृष्ट छात्रों को किया गया पुरस्कृत



**करछना।** मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज करछना के संस्थापक पंडित शीतला दीन द्विवेदी के जन्म दिवस पर रविवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमो के बीच सपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार तिवारी ने बीते दिनो हुई खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया। उन्होंने विद्यालय बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रशसा करते अच्छी उपस्थिति पर खुशी जताई।उन्होने कहा कि प्रतिभावान छात्र छात्राओ को शिक्षा के साथ साथ खेलकूद के विभिन्न आ?ोजनो मे भाग लेकर बच्चो ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते विद्यालय का नाम रोशन किया है ऐसे प्रतिभागी छात्रो को विद्यालय की ओर से समय समय पर पुरस्कृत किया जाता रहेगा जिससे उनके अन्दर खेल की भावना का सचार होता रहे।अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य मदन मोहन शखधर ने संस्थापक को ईश्वर का अवतार बताते हुए आजादी के पूर्व उनके द्वारा किए गए संघर्षों से सीख लेने की प्रेरणा दी।संचालन लालचन्द्र ने किया।इस मौके पर डा0 अनंत तिवारी, चक्रधर, अरूण तिवारी,बृजेश सिह,सत्येन्द्र कुमार योगेन्द्र मिश्र आदि शिक्षक और बड़ी संख्या मे बच्चे मौजूद रहे।

### पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत निःशुल्क वितरण किया गया राशन



**लालापुर।** ग्राम प्रधान लालापुर शंकरलाल पाण्डेय की अध्यक्षता मे रविवार को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत लालापुर कोटेदार रमाशंकर तिवारी द्वारा गरीबों को निःशुल्क राशन वितरण किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान लालापुर शंकरलाल पाण्डेय ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के जरिए मुफ्त राशन के वितरण को बढ़ाकर अब 31 मार्च 2022 कर दिया है। मोदी कैबिनेट ने एक मीटिंग के दौरान इसे मार्च 2022 तक के लिए बढ़ा दिया है। श्री पाण्डेय ने कहा कि कोरोना संकट के दौरान प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का मार्च 2020 में ऐलान किया गया था। गरीब कल्याण अन्न योजना का मकसद कोरोना महामारी द्वारा हुए तनाव को कम करना है। शुरूआत में स्कीम को अप्रैल-जून 2020 की अवधि के लिए लॉन्च किया गया था, लेकिन बाद में इसे 30 नवंबर तक बढ़ा दिया गया था, और अब इसे और आगे बढ़ाकर 31 मार्च कर दिया गया है।

# फूलपुर में निकली तिरंगा यात्रा देशभक्ति गीतों पर झूमे युवा


तिरंगा यात्रा में शामिल कार्यकर्ता

**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** फूलपुर खण्ड में स्वाधीनता का अमृत महोत्सव तिरंगा यात्रा का शुभारंभ रविवार को वरूणा बाजार से हुआ। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ करते हुए जिला कार्यवाह बेचन सिंह ने कहा कि आने वाली पीढ़ी राष्ट्र भक्त स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को न भूल जाएं इस लिए अमृत महोत्सव तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज का युवा राम प्रसाद बिस्मिल व चन्द्रशेखर आजाद तथा झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के त्याग व देश के प्रति समर्पण को सीख लेकर देश सेवा में लग जाए। खण्ड कार्यवाह रामेश्वर जी ने कहा कि अमृत महोत्सव के माध्यम से गांव - गांव राष्ट्र भक्ति का भाव जगाना मुख्य उद्देश्य है। तिरंगा यात्रा में शामिल युवाओं ने वंदे मातरम, भारत माता की जय के नारे लगाए। तिरंगा यात्रा मुख्य रूप से शारदा प्रसाद, दयाशंकर, राम जी, पृथ्वी पाल, समरजीत मौर्य, घनश्याम मिश्रा, सुनील तिवारी, राजकुमार मोदनवाल, नीरज जायसवाल, रामलखन पाल, नरेंद्र कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिनके तबादले हुए वो भी हैं टिके तहसीलों में

लूट खसोंट में में भी आगे दिख रहे कर्मचारी

**कोरांव।** भले ही सासन ने गृह जिले में अफसर कर्मचारी को कार्य करने पर पाबंदियां की हैं किंतु जमूनापार के तहसीलों में उक्त नियम का उलंघन होता दिख रहा।बता दे कि सरकार ने गृह जनपद के अफसरों को सेवा कार्य पर अपने तहसीलों में रोक लगा रखी हो किंतु कई ऐसे अफसर कर्मी है जहां मनमाने ढंग से तैनात हैं और लूट खशोंट में व्यस्त हैं। कोरांव और मेजा तहसील में तो जिनके ट्रांसफर भी हो चुके हैं वो भी टिके हैं। ऐसे कर्मी लोगों से वादकारी आदि लूट खंशोट से त्रस्त दिख रहे हैं। और अधिकारियों की मेहर बानी भी है जिससे उक्त। लोग टिके हैं। जिलाधिकारी प्रयागराज का ध्यान आकृष्ट लोगों ने किया है। और आवश्यक कार्यवाही की मांग लोगों ने की है।

## भाजपा राज में महंगाई व भ्रष्टाचार का बोलबाला



**सिरसा।** विधानसभा मेजा मे अपने आवास मेजारोड में आशीष सिंह (अंशु) राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी समाजवादी पार्टी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा की भाजपा सरकार में महंगाई बेरोजगारी चरम पर है। जिसे रोक पाने में भाजपा सरकार असफल साबित हो रही है। ये बातें आशीष सिंह (अंशु) राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी समाजवादी पार्टी ने कहा कि पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस व रोजमर्रा की वस्तुओं में बेतहाशा वृद्धि से जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। भाजपा सरकार किसान मजदूर विरोधी सरकार है। भाजपा सरकार पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए किसानों और नौजवानों का शोषण कर रही है। लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अभिषेक सिंह (अंशु) ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई चरम सीमा पर पहुंच गई है घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतें विगत साल से दुगनी से ज्यादा हो गई है। इसका सबसे ज्यादा प्रभाव गृहणी ऊपर पड़ा है महिलाएं लकड़ी के चूल्हे जलाने पर मजबूर हो गई हैं। इस सरकार में महंगाई बढ़ी है, जनता को अच्छे दिन का सपना दिखाकर लगातार महंगाई बढ़ाने का काम कर रही है। पहले पेट्रोल ,डीजल के दाम में आई तेजी से परेशान लोगों को अब सरसों तेल की चढ़ती कीमतों ने परेशान करके रख दिया है। देश में ऐसा पहली बार हुआ है। भाजपा सरकार में सरसों तेल के दाम ?90 से बढ़कर ?200 हो गया है। भाजपा सरकार अपने को गरीब मजदूर व किसानों की हितैषी होने का दावा करती है। लेकिन योगी सरकार में सबसे सबसे ज्यादा बदहाल स्थित में गरीब व किसान की है। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद तक नहीं मिल पा रहा है। भाजपा सरकार में सबसे अधिक बेरोजगारी है। युवाओं को रोजगार के लिए भटकना पड़ रहा है। येसी सरकार को जड़ से उखड़कर फेंक देना चाहिए। अब समय आ गया हैं समाजवादी पार्टी को वोट देकर माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश सिंह यादव पूर्व मुख्यमंत्री के हाथो को मजबूत करके अपना सम्मान और अधिकार पाने का कार्य करिए।

## डॉ. एके बंसल हत्याकांड के आरोपी की जमानत शर्तों के साथ मंजूर

**प्रयागराज।** चर्चित डॉ. एके बंसल हत्याकांड के आरोपी आलोक कुमार सिन्हा की जमानत अर्जी इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मंजूर कर ली है। लेकिन, उच्च न्यायालय ने कई शर्तें भी लगाई हैं। जांच में सहयोग करने और साक्ष्यों के साथ किसी तरह की छेड़छाड़ न करने की हिदायत दी है। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह की एकल खंडपीठ कर रही थी। याची आलोक कुमार सिन्हा की तरफ से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता वीपी श्रीवास्तव और एडवोकेट अरविंद कुमार पांडेय ने तर्क दिया कि अभियोजन की कहानी पूरी तरह से काल्पनिक है। याची को केवल इसलिए फंसाया जा रहा है कि डॉ. एके बंसल ने उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसमें याची को जमानत मिल चुकी है। याची को मौजूदा मामले में सह आरोपी शोएब के इकबालिया बयान के माध्यम से झूठा पेश किया गया और उसी के आधार पर याची को पांच अप्रैल 2021 को गिरफ्तार कर लिया गया।

**डॉ. बंसल ने अपने पुत्र के एडमिशन के लिए सिन्हा से किया था संपर्क**

अधिवक्ता ने तर्क दिया कि पहले बंसल की ओर से याची के खिलाफ इसलिए आपराधिक मामला दर्ज कराया गया था कि उन्होंने अपने पुत्र के मेडिकल के परास्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए संपर्क किया था। इस दौरान दोनों के बीच धन संबंधी विवाद उत्पन्न हो गया था। इस मामले में याची जमानत पर है। इस अकेली घटना के अलावा याची को 12 जनवरी 2017 को हुई घटना से जोड़ने के लिए रिकॉर्ड में कोई सामग्री नहीं है, जिसमें बंसल की उनके चिकित्सा संस्थान के अंदर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसमें सह आरोपी शोएब के बयान की कोई प्रासंगिकता नहीं है। क्योंकि, रिकॉर्ड में उपलब्ध किसी भी सामग्री के साथ इसकी पुष्टि नहीं की गई थी। यह पुलिस हिरासत में दर्ज किया गया इकबालिया बयान है। कोर्ट ने याची के अधिवक्ता के तर्कों को सुनकर जमानत मंजूर कर ली।

# तेल, चना, नमक के साथ खाद्यान्न पाकर लाभार्थी हुए खुश

**सहसों।** शासन द्वारा पीएम एवं सीएम गरीब कल्याण योजना के तहत ग्रामीण लाभार्थी अपने अपने गांव के सरकारी राशन की दुकान से निःशुल्क तेल, नमक, चना के पैकेट के साथ खाद्यान्न पाकर लाभार्थी खुश नजर आए एवं प्रदेश सरकार की प्रशंसा करते दिखाई दिए। इसी के तहत रविवार को विकासखंड सहसों क्षेत्र के मनेथुआ एवं मनापुर गांव में अंत्योदय कार्ड धारकों के साथ-साथ पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल एवं ब्लाक प्रमुख गीता सिंह के हाथों 50-50 लाभार्थियों को खाद्यान्न एवं तेल, चना, नमक के पैकेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर राशन कार्ड की मुखिया महिलाएं अपने अपने राशन की दुकान पर जाकर खाद्यान्न लाभ पाकर खुश नजर आईं। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अमरीश कुमार बिंद, सप्लाई इंस्पेक्टर अमित चौधरी, बड़े बाबू दीपचंद पटेल, प्रधान सुषमा बिंद, कमलेश बिंद, कोटेदार फूल कली, प्रमुख प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह गप्पू , विजय शंकर शुक्ला, अशोक कुमार चौधरी, प्रधान प्रताप बहादुर सिंह, कोटेदार राम कैलाश भारतीय, रविंद्र कुमार भारतीय, कमलेश भारतीय, राजकुमार यादव, अमित सिंह सहित लाभार्थी मौजूद रहे। इसी क्रम में विकासखंड बहादुरपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत बनी एवं ग्राम पंचायत गोतावां में भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष गंगापार एवं भूमि विकास बैंक फूलपुर के अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह के हाथों 45-45 लाभार्थियों को सरकार द्वारा गरीब कल्याण योजना के तहत निःशुल्क खाद्यान्न एवं चना, नमक, तेल के पैकेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर गांव के कोटेदार बनी लालजी गौतम, कोटेदार गोतावां मुन्नीलाल एवं ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित लाभार्थी उपस्थित रहे।



लाभार्थियों को खाद्यान्न वितरित करते विधायक प्रवीण पटेल एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह

# मण्डलायुक्त प्रयागराज ने ईआरओ एवं एईआरओ को दिये आवश्यक दिशा निर्देश



ईआरओ एवं एईआरओ की बैठक में बोलते मण्डलायुक्त संजय गोयल।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मण्डलायुक्त प्रयागराज/रोल प्रेक्षक संजय गोयल की अध्यक्षता में अफीम कोठी के मीटिंग सभागार में आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 के तहत विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत बैठक की गयी। इस दौरान जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 नितिन बंसल, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सुनील कुमार शुक्ल सहित ई0आर0ओ0/ए0ई0आर0ओ0 उपस्थित रहे।

बैठक में मण्डलायुक्त ने अब तक किये गये विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत नाम जुड़ने, नाम घटाने, संशोधित आदि बिन्दुओं पर चर्चा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये। रोल प्रेक्षक ने सभी उप जिला मजिस्टेज्टों को निर्देशित करते हुये कहा कि वे अधिक से अधिक लोगों को मतदाता बनाने की दिशा में बूथ लेबल आफिसर को सक्रिय रखते हुये आवश्यकतानुसार शुद्धतम डोर-टू-डोर सर्वे करते रहे। मण्डलायुक्त ने अनिवार्य रूप से विभिन्न प्रारूपों फार्म-6, फार्म-7, फार्म-8, फार्म-8ए प्रपत्र पर प्राप्त फार्मो की यथार्थता की जिला निर्वाचन अधिकारी, ई0आर0ओ0/ए0ई0आर0ओ0 के स्तर पर जांच कराने के निर्देश दिये। मण्डलायुक्त ने मतदाता सूची में फोटोग्राफ में गुणवत्ता की स्थिति, जेण्डर रेशियों आदि बिन्दुओं पर जानकारी प्राप्त करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में मण्डलायुक्त ने कहा कि जनपद में जो बूथ बनाये गये है उसकी जांच कर ली जाये, चेकलिस्ट को चेक करा लिया जाये, आनलाइन फर्मो में लगे फोटो की जांच कर ली जाये। उपजिला मजिस्टेज्ट पट्टी एवं सदर को निर्देशित किया गया कि जो आवेदन फार्म अवशेष है उन्हें प्रतिदिन हजार की संख्या में निपटाया जाये। मण्डलायुक्त ने कहा कि एक गांव के कई पोलिंग बूथ न हो इस पर विशेष ध्यान दिया जाये। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि 4 एलईडी वैनों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है और इसकी मानीटरिंग भी की जा रही है।

## मण्डलायुक्त ने राजनैतिक दलों के साथ की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के सम्बन्ध में मण्डलायुक्त प्रयागराज/रोल प्रेक्षक संजय गोयल ने अफीम कोठी के मीटिंग सभागार में जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सुनील कुमार शुक्ला, समस्त ई0आर0ओ0 सहित राजनैतिक दलों के साथ बैठक की। मण्डलायुक्त ने राजनैतिक दलों से कहा कि मतदाता पुनरीक्षण के सम्बन्ध यदि किसी भी प्रकार की समस्या हो तो उसे अवगत करा दें जिससे समय से निस्तारण किया जा सके। उन्होने निर्देशित किया कि जो भी आवेदन फार्म डिस्पोजल किये जाये उनकी सूचना नोटिस बोर्ड लिख दी जाये। उन्होने राजनैतिक दलों से कहा कि 05 जनवरी 2022 तक नई वोटर लिस्ट आ जायेगी और यदि कोई नाम जुड़वाना चाहे तो वह जुड़वा सकता है अधिसूचना जारी होने पर पुनरीक्षण बन्द किया जायेगा। बैठक में मण्डलायुक्त ने कहा कि आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को सकुशल, निष्पक्ष, पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराया जाये। बैठक में भाजपा प्रतिनिधि अनुराग मिश्रा, सपा प्रतिनिधि एस0आर0 सिद्दीकी, बीएसपी के लालचन्द्र व कमलेश विश्वकर्मा व अन्य राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जिले के अलग-अलग थानों से 20 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

### एसपी के निर्देश पर हुई कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा जनपद में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के क्रम में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 20 वांछित वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार किये गये हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तों में थाना कोतवाली नगर से दो अभियुक्त इम्तियाज पुत्र मजनू निवासी पूर्वी सहोदरपुर थाना कोतवाली नगर व संगमलाल पुत्र राम खेलावन निवासी मोहनगंज बाजार, पूरे खुशई थाना कोतवाली नगर, थाना हथिगवां से एक अभियुक्ता संगीता पत्नी स्व0 हरिलाल निवासी मिश्र दयालपुर थाना हथिगवां, थाना लालगंज से एक वारण्टी अभियुक्त राम बरन पुत्र मेवालाल निवासी मेढ़ावा थाना लालगंज, थाना अंतू से तीन वारण्टी अभियुक्त ननका पत्नी बहादुर निवासी कल्याणपुरा थाना अंतू, चन्द्रिका प्रसाद वर्मा पुत्र रामनाथ वर्मा निवासी सराय कल्याण देव थाना अंतू व विनोद सिंह पुत्र बचई सिंह निवासी पूरे माधव सिंह थाना अंतू, थाना कुण्डा से तीन वारण्टी/वांछित अभियुक्त मुख्तार अहमद पुत्र मो0 इदरीश निवासी पूरेशाह करम अली थाना कुण्डा व मुजफ्फर अहमद पुत्र रियाज अहमद उर्फ खूंटी निवासी पुरानी बाजार चिकवन टोला थाना कुण्डा, थाना मानधाता से वांछित अभियुक्त दिनेश कुमार पुत्र राम अवतार निवासी ग्राम सराय हरिनारायण थाना मांधाता, थाना सांगीपुर से तीन वारण्टी अभियुक्त भोला वर्मा पुत्र सुखराम वर्मा, राहुल पुत्र भोला वर्मा व हरीश्चन्द्र वर्मा पुत्र सुखराम वर्मा समस्त निवासीगण सिमरी देउम पूरब थाना सांगीपुर, थाना रानीगंज से दो वारण्टी अभियुक्त राम लखन पुत्र हीरालाल निवासी ठठेरीपुर थाना रानीगंज, सुरेश पटेल पुत्र बुद्धिराम निवासी जयरामपुर, दुगार्गंज, थाना रानीगंज, थाना बाघराय से पांच वारण्टी अभियुक्त रघुनाथ पुत्र सुखराम निवासी बरबसपुर थाना बाघराय, धर्मेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 राजबहादुर निवासी पुवासी खास थाना बाघराय, मेवालाल पुत्र शिवलाल, शिवलाल पुत्र सोमई व कांती देवी पत्नी शिवलाल निवासीगण औतारपुर थाना बाघराय शामिल हैं।

# गोविंदपुर गांव में मनाया गया किसान विजय दिवस

### किसानों के हित में होता रहेगा आंदोलन

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** किसान आंदोलन में किसानों के पक्ष में सरकार द्वारा तीन कृषि काले कानून की वापसी के साथ किसानों का आंदोलन समाप्त हो गया और किसान अपने घर लौट रहे है। पट्टी तहसील क्षेत्र के गोविंदपुर गांव निवासी चंदन पटेल ने भी किसान आंदोलन में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया था। वह भी जब अपने गांव गोविंदपुर पहुंचे तो ग्रामीणों ने उनका फूल माला से स्वागत किया।

इस दौरान जय जवान और जय किसान का नारा लगाया गया। रविवार को चंदन पटेल की अगुवाई में गोविंदपुर गांव में किसान विजय दिवस मनाया गया जिसमे क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक लोगो ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए चंदन पटेल ने कहा कि किसानों के हितों के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा जब जब जरूरत पड़ेगी हम किसानों के हित और कल्याण के लिए हमेशा इसी प्रकार से आंदोलन करते रहेंगे। इस दौरान घनश्याम पटेल,



किसान विजय दिवस पर किसानों को सम्मानित करते लोग

विजय पटेल, अंकित यादव, सुभाष वर्मा, शैलेंद्र ललित, नवदीप पटेल शैलेंद्र सरोज, संदीप पटेल सालिक राम, चंदन लाल सरोज लालमणि सरोज रामकिशन सरोज सुनील पटेल ललन पटेल सुरेश पटेल सही क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक लोग मौजूद रहे।

## हवाखोरी कर रहे युवक पहुंच गये जीआरपी थाने

**प्रतापगढ़।** स्थानीय जक्शन पर हवाखोरी कर रहे युवको को जीआरपी थाने में पुलिस ने बैठाये रखा। हिदायत देकर छोड़ा। दुबारा बिना कार्य अंदर दिखाई पड़ने पर जेल भेज देने की चेतावनी दी है। प्लेटफार्म तीन पर कुछ युवक उछल कूद मचा रहे थे। कभी ट्रैक पर खड़े होकर सेल्फी लेते।

कभी ट्रेन के गेट पर लटक जाते। कुछ लड़के बल्ला लेकर टहलते दिखाई दिये। जीआरपी एसओ ने उन सभी को बुलाया। पूछताछ शुरू कर दी। प्लेटफार्म के अंदर दाखिल होने का उनके पास कोई जवाब नही था।

## दिव्यांगजन शिविरों में बनवाएं यूडीआईडी कार्ड

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राम प्रकाश सिंह ने बताया है कि दिव्यांगजनों के हितार्थ यू0डी0आई0डी0 कार्ड से वंचित रह गये ऐसे दिव्यांग जिनका यू0डी0आई0डी0 कार्ड निर्गत न हुआ वे दिव्यांगजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आयोजित होने वाले शिविरों में उपस्थित होकर यूडीआईडी कार्ड बनवाये। उन्होने बताया है कि यूडीआईडी बनवाने हेतु शिविर का आयोजन 14 दिसम्बर तक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लालगंज, 16 व 21 दिसम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुण्डा, 23 व 28 दिसम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रतापगढ़, 30 दिसम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रानीगंज, 04 जनवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सण्ड़वा चन्द्रिका, 06 जनवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आसुपर देवसरा, 11 जनवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानधाता, 13 जनवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गौरा, 19 जनवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लक्ष्मणपुर, 22 जनवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामपुर संग्रामगढ़, 25 जनवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिहार व 27 जनवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शिवगढ़ में होगा।

# आज से शुरू हुआ राशन की दुकानों पर खाद्यान के साथ रिफाइंड, नमक व चना

### दुकानों पर लगी भीड़, योजना की जानकारी देते रहे भाजपाई

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भाजपा सरकार द्वारा रविवार से राशन दुकानों पर मुफ्त डबल राशन वितरण का कार्यक्रम शुरू हुआ। इस दौरान कोटे की दुकानों पर लाभार्थियों को राशन के साथ दाल, खाद्यान तेल व नमक भी वितरित किया गया।

अभियान के तहत लक्ष्मणपुर में जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र ने बताया कि कोरोना की विपदा के समय से ही केंद्र की मोदी व राज्य की योगी सरकार गरीबों के साथ खड़ी है। उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए भाजपा की डबल इंजन की सरकार अनथक प्रयत्न कर रही है। विपत्ति में जब लोगों को समस्या आई तो प्रधानमंत्री जी ने कोई भूखा न सोये इसके लिए राशन वितरण का भगीरथ प्रयास सार्थक किया है। आपदा के समय से लगातार केंद्र व राज्य सरकार द्वारा गरीबों को मुफ्त राशन का वितरण सरकार द्वारा किया जा रहा है। इस माह से सरकार दोगुना राशन



लक्ष्मणपुर में लाभार्थियों को राशन देते भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र

देने जा रही है। इस अभियान में विधायक रानीगंज धीरज ओझा, सदर विधायक राजकुमार पाल, सांसद प्रतिनिधि, जिला महामंत्री राजेश सिंह पवन गौतम उपाध्यक्ष राजेश मिश्र राजन जिला उपाध्यक्ष जो इस कार्यक्रम के संयाजक भी रहे। सभी 30 मण्डलों के मण्डल अध्यक्ष व अन्य जनप्रतिनिधि भी सम्मिलित रहे। ये सभी, लाभार्थियों को राशन वितरण कार्यक्रम में सहयोग कर केंद्र सरकार की गरीब कल्याण की योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

# फुटबाल टूनार्मेंट में लखनऊ ने कानपुर टीम को 3-1 से हराया

### भुलियापुर स्पोर्टिंग क्लब के तत्वावधान में हुई प्रतियोगिता

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भुलियापुर स्पोटिंग क्लब के तत्वावधान में आबिद अली प्रधान व बब्बन प्रधान प्रथम राज्य स्तरीय सेवन साइड फुटबॉल टूनामेंट के अंतिम दिन में दो सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले गए। फाइनल मैच कानपुर और लखनऊ के मध्य खेला गया जिसमें 3-1 से लखनऊ ने इस प्रतियोगिता को जीत लिया लखनऊ की तरफ से पहला गोल आकाश और दो गोल करन नेगी ने किया जबकि 1 गोल कानपुर से मो॰ अदीब कर सके।

फाइनल मैच के मुख्य अतिथि के रूप में जिला पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल व पुलिस उपाधीक्षक रोहित मिश्रा ने खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त किया। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के बाद पुरस्कार वितरण एस॰पी॰ ने किया। इसके पहले पहला सेमीफाइनल मैच कानपुर और उन्नाव के मध्य खेला गया जिसमें 2-1 से कानपुर की टीम विजयी हुई। इसमें 1 गोल मो॰ अदीब 1 गोल शिवम ने किया जबकि उन्नाव की तरफ से 1 मात्र गोल विकास ने किया इस मैच के मुख्यअतिथि के रूप में राष्ट्रीय खिलाड़ी खुर्शीद अहमद व हेमन्त तिवारी रहे। दूसरा सेमीफाइनल मैच प्रयागराज और लखनऊ के मध्य काफी संघर्षपूर्ण मुकाबला रहा जिसमे लखनऊ ने 1-0 से मुकाबला जीत कर फाइनल में जगह बनाई जीत का एकमात्र गोल निर्भय ने किया इस मैच के मुख्यअतिथि के रूप में सी॰ ओ॰ सिटी अभय कुमार पांडेय रहे।





ट्राफी के साथ लखनऊ की विजेता टीम

कार्यक्रम का संचालन हॉकी खिलाड़ी मो॰ जावेद ने किया। आयोजक आदम अली, आजम अली, मो॰ मुसीब ने सभी अतिथियों व वरिष्ठ खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर भूलियापुर, दहिलामऊ आजाद नगर, अहमद नगर के सभी गणमान्य लोगो के साथ वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ से राष्ट्रीय खिलाड़ी अख्तर खान, शाहिद कमाल खान, शादाब रजा, शेख कमर, मो॰ आरिफ, जिला क्रीड़ा अधिकारी पूनम लता राज, शमीम उल्लाह आदि खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## रोडवेज बस की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**प्रतापगढ़/परियावां।** बाइक और मैजिक डाला आमने-सामने की टक्कर में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति रानीगंज कोतवाली क्षेत्र के चौहर्जन परसरामपुर का निवासी विनोद गिरी है। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी जिस पर पुलिस ने पहुंचकर एम्बुलेंस से रानीगंज सीएचसी भेजा, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना रानीगंज कोतवाली के जामताली बाजार के पास की बताई जा रही है। उधर प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे पर नवाबगंज व मानिकपुर सीमावर्ती क्षेत्र चौरही गाव के सामने रविवार की सुबह नवाबगज थाना क्षेत्र के लवाना निवासी किशोरीलाल (60)वर्षीय अपनी साइकिल से मानिकपुर से घर लवाना जा रहा था कि पीछे से आ रही रोडवेज बस की टक्कर लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे स्थानीय लोग उपचार के लिए सीएचसी कालाकांकर ले गए जहां चिकित्सकों ने प्रयागराज स्वरूपरानी के लिए रिफर कर दिया घटना की जानकारी मिलते ही परिजन लोग भी मौके पर पहुँच गये।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 14221 वादों का किया गया निस्तारण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जनपद न्यायालय परिसर प्रतापगढ़ मे राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय शंकर पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जनपद न्यायाधीश ने दीवानी न्यायालय परिसर स्थित सभागार में माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होने कहा कि आज पूरे देश में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेशार्नुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। उन्होने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत एक राष्ट्रीय त्योहार के रूप में आयोजित किया जा रहा है। उन्होने सभी न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक संख्या में आपसी सुलह समझौते से मुकदमों का निस्तारण लोक अदालत में किया जाये जिससे अधिक से अधिक वादकारियों को लाभ मिल सके। कार्यक्रम का संयोजन/संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नीरज कुमार त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं अधिवक्ता संगठनों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन की व्यवस्थाओं की निगरानी जनपद न्यायाधीश संजय शंकर पाण्डेय एवं जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल सहित कर्मचारीगण व बैंकों का सहयोग रहा।

# कांग्रेस ने जेल रोड पर लगाया सदस्यता अभियान शिविर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर नगर में सदस्यता महा अभियान के अंतर्गत जेल रोड पर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा सदस्यता शिविर लगाया गया, जिसमें कांग्रेस के साथियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर 100 से अधिक नागरिकों को कांग्रेस से जोड़ा गया तथा उन्हें सदस्य बनाया गया। साथ ही नए सदस्यों को प्रियंका गांधी जी की प्रतिज्ञाओं के बारे में बताया गया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव व प्रतापगढ़ प्रभारी रंजीत सिंह सलूजा, जिला प्रभारी सदस्यता अभियान व जिला उपाध्यक्ष डा0 वी0के0सिंह, शहर अध्यक्ष इरफान अली, वेदान्त तिवारी, नगर प्रभारी मो0 इश्तियाक, अब्दुल माबूद मुब्बी, फतेह बहादुर सिंह, अब्दुल रहमान, सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।



सदस्यता अभियान शिविर में सदस्यता लेते लोग

## स्वास्थ्य शिविर में 200 मरीजों का हुआ परीक्षण

**प्रतापगढ़।** वरिष्ठ समाजसेवी व समाज सेवा से ओत प्रोत जाति धर्म से ऊपर उठकर समाज के प्रति सेवा भाव का आदर हमेशा गरीब असहाय के मदद हेतु तत्पर रहने वाले स्मृतिशेष बाबु अवधेश बहादुर सिंह खड़े रहते थे। आज उनकी स्मृति में निशुल्क स्वास्थ शिविर अजीत नगर में लगाया गया। शिविर में जाँच और उपचार कुशल चिकित्सकों द्वारा कराया गया जिसमे समाज से जुड़े हर वर्ग के लोगों ने सैकड़ो की संख्या में बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया। वही सदर विधायक राजकुमार पाल ने बाबू अवधेश सिंह के चित्र पर माल्यर्पण कर चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया। लखनऊ से आई चार डॉक्टरों की पैनल टीम ने लगभग 200 मरीजो का इलाज निःशुल्क हुआ जांच भी निःशुल्क किया। इस मौके पर सपा नेता कुंवर शान्तनु सिंह, शारद सिंह, आशीष सिंह, शिवकुमार सिंह, जबर सिंह, गायत्री शुक्ला सभासद, आबिद रजा, भाजपा नेता संतोष मिश्रा, संजय सिंह, दिव्यन्त सिंह बघेल एडवोकेट, प्रशांत सिंह बंटी आदि लोग मौजूद रहे।

## पुरानी रंजिश में युवती की पिटाई

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली क्षेत्र के पुरानी पट्टी कस्बे में एक युवती को पड़ोसी ने जमकर मारा पीटा। पीड़िता की माँ तहरीर पर पट्टी कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों पर मामला दर्ज कर लिया। पट्टी कस्बे की रहने वाली बदरुलनिशा का आरोप है कि बीते 17 अक्टूबर को सुबह पड़ोसी ने उसकी बेटी को जमकर मारा पीटा। गाली गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दिया। पीड़िता की माँ तहरीर पर दोनों आरोपियों पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया।

## खबर संक्षेप

### दो दिन बंधवा गांव में लगेगा दंगल

**करारी कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के बरई बंधवा गांव में दो दिवसीय दंगल का आयोजन किया जाएगा जिसमे हिंदुस्तान के तमाम नामी पहलवांन अखाड़ा में उपस्थित रहेगे दंगल का आयोजन अपनी पुरानी जगह पर होगा दंगल कमेटी के सयोजक खलीक अहमद उर्फ निक्के पूर्व प्रधान समाजवादी वरिष्ठ नेता ने बताया कि 14 और 15 दिसंबर को दंगल का आयोजन किया जाएगा।

### भूस्वामी ने एसडीएम के यहां दर्ज कराई आपत्ति

**कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के मोहम्मदपुर असवा गांव के ललई पुत्र गाजी ने एसडीएम चायल को आपत्ति पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि उसकी जमीन पर गांव के रामदेव पुत्र शंभू वा दुलारे पुत्र प्यारे जबरिया कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं शिकायतकर्ता ललाई ने बताया कि वह आराजी संख्या 598 की भूमि पर 20 वर्षों से काबिज है रामदेव बनाम ग्राम सभा के नाम से यह मुकदमा चायल तहसील में चल रहा है लेकिन 18 मई 2021 को नायब तहसीलदार ने डेढ़ वर्षो से वादी का कब्जा दिखाते हुए रिपोर्ट प्रेषित कर दी है। ललाई का कहना है कि नायब तहसीलदार ने बिना उसके पक्ष की बात को सुने रामदेव आदि के पक्ष में 16 जून 2021 को असंक्रमणीय भूमि से संक्रमणीय भूमि दर्ज करने का आदेश दे दिया है जो पूरी तरह से न्याय संगत नहीं है।

# बसपा की भीड़ देखकर छूट गए विरोधियों के पसीने : बाबूलाल भंवरा

## पूर्व राज्य मंत्री बाबूलाल भंवरा ने कहा कि मंझनपुर विधानसभा की धरती पर बसपा प्रत्याशी डॉ नीतू कनौजिया को हराने वाला कोई नहीं

अखंड भारत संदेश





मंचासीन बहुजन समाज पार्टी के नेता तथा जनसभा में उपस्थित जनसमुदाय

**कौशाम्बी।** बहुजन समाज पार्टी की करारी कस्बे में आयोजित विशाल जनसभा में पूर्व राज्य मंत्री बाबूलाल भंवरा ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा है उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी की जनसभा में जिस तरह से मतदाताओं ने भीड़ एकत्रित की है भीड़ देखकर विरोधी दल के नेताओं के पसीने छूट गए हैं उन्होंने कहा कि विपक्षी राजनीतिक दल के प्रत्याशियों की आगामी विधानसभा चुनाव 2022 में जमानत जप्त हो जाएगी उन्होंने कहा कि मंझनपुर विधानसभा की धरती पर बसपा प्रत्याशी डॉ नीतू कनौजिया को कोई हराने वाला नहीं है।

इस मौके पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने अपने को पासी समाज का बेटा कहते हुए जहां पासी मतदाताओं को साधने का प्रयास किया है वहीं उन्होंने पासी समाज के महापुरुषों को नमन करते हुए उन्होंने मंच के माध्यम से दलित मतदाताओं को साधने का भरसक प्रयास किया है इस मौके पर उन्होंने कहा कि वोट का अधिकार डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने दिलाया है वोट का अधिकार ना होता तो उन्हें पूछने वाला कोई नहीं था और वोट के मौके पर रिश्तेदार नातेदार भी अपने बन जाते हैं उन्हें स्वार्थी मौका परस्त रिश्तेदार नातेदार से सावधान रहने की जरूरत है उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दारू की बोतल में जो लोग वोट दे देते हैं वह अपनी बहन बेटी की इज्जत को बेच देते हैं इसलिए दारू की बोतल पर वोट देना बंद करिए उन्होंने पासी समाज के बिजली पासी लाखन पासी सहित तमाम महापुरुषों राजाओं का उदाहरण देते हुए कहा कि यदि अपने समाज का राज वापस चाहते हो तो हाथी के सामने की बटन दबाकर बसपा प्रत्याशी नीतू कनौजिया को भारी मतों से विजई बनाएं उन्होंने पासी समाज के मतदाताओं का आवाहन करते हुए कहा कि मंझनपुर विधानसभा में 98 हजार पासी मतदाता है यदि पासी मतदाता ही बहुजन समाज पार्टी को मतदान कर दे तो डॉ नीतू कनौजिया को विधायक बनने से कोई नहीं रोक सकता है इस मौके पर उन्होंने बहुजन समाज पार्टी के कार्यकाल में किए गए विकास कार्य और जनहित की योजनाओं का बखूबी बखान कर बसपा से खिसक रहे जनाधार को साधने का प्रयास किया है कार्यक्रम को पूर्व राज्य मंत्री अशोक गौतम जिला अध्यक्ष संतोष गौतम महेंद्र गौतम नजीर अहमद हरिलाल बौद्ध प्रत्याशी डॉ नीतू कनौजिया आमिर काजी अतुल द्विवेदी मैदान सिंह पटेल मोतीलाल अंबेडकर संतोष त्रिपाठी सहित तमाम लोगों ने कार्यक्रम को संबोधित किया है।

### पूरी सड़क एवं मुहल्ले को नगर पालिका ने तालाब में बदल दिया

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका भरवारी के आरओ प्लांट से निकलने वाले गंदा पानी से नगरवासी परेशान हैं कई बार नगर वासियों ने आरओ प्लांट से निकलने वाले गंदे पानी की समुचित व्यवस्था कराए जाने की मांग की लेकिन ग्रामीणों की मांग पर अमल नहीं हो सका जिससे नगर वासियों में आक्रोश व्याप्त है और वह आंदोलन करने को विवश दिखाई पड़ रहे हैं। नगर पालिका भरवारी के आर. ओ.प्लांट से निकला हुआ पानी पिछले 5 -6 वर्षों से धनवंतरी नगर शहीद गुलाब सेन नगर के पूरे मुहल्ले में एवं सड़कों में भरा है जिसें ऊंचे जलीय पौधों एवं घास का जंगल हो गया है तथा डेंगू, मलेरिया आदि बीमारियां गंभीर रूप ले चुकी हैं। मेहता रोड से हाई टेंशन के नीचे वाली 60 फीट रोड होते हुए आर ओ. प्लांट की दूरी लगभग 100 मीटर ही है परन्तु आर.ओ. का पानी ले जाने वाले वाहन पिछले 5-6 वर्षों से 2-3 किलोमीटर घूमकर नागेंद्र की कोचिंग होते हुए जाते हैं नगर वासियों का कहना है कि नगर पालिका ने जानबूझकर पूरी सड़क एवं पूरे मुहल्ले को तालाब में बदल दिया है। इस सम्बन्ध में नगर पालिका को 16 बार एवं चेयरमैन तथा स्थानीय विधायक संजय गुप्ता को 7 बार प्रत्यावेदन अनुस्मारक नगर वासियों द्वारा दिया जा चुका है लेकिन आश्वासन ही मिला नगरवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि आरओ प्लांट के दूषित पानी निकासी की व्यवस्था को दुरुस्त नहीं कराया तो वह आंदोलन करने को विवश होंगे।

# चायल विधायक संजय कुमार गुप्ता पर जानलेवा हमले का प्रयास

अखंड भारत संदेश

**पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र में विधायक पर हमला करने का किया गया प्रयास एक आरोपी गिरफ्तार**

**कौशाम्बी।** चायल विधायक संजय कुमार गुप्ता पर बीती रात प्राणघातक हमले का प्रयास किया गया है उन्होंने पूरामुफ्ती थाना प्रयागराज में तहरीर देते हुए बताया कि बीती रात्रि कौशांबी से वह प्रयागराज अपने आवास जा रहे थे रात के 12:20 बजे पूरामुफ्ती थाना के पास से एक सफेद रंग की ब्रेजा गाड़ी मेरे काफिले के पीछे लग गई कुछ दूर पीछे चलने के बाद वह गुरुद्वारा के पहले गलत साइड से ओवरटेक के बहाने गाड़ी बीच में डाल दिया और मेरी गाड़ी फॉर्च्यूनर के बराबर में करके अपनी स्पीड कम करके ओवरटेक नहीं किया उसकी गलत मंशा को भापकर तत्काल मेरे सुरक्षाकर्मियों ने ब्रेकर पर गाड़ी की गति कम होने से पहले ही काफिले की दो गाड़ियों स्कॉर्पियो व सफारी से कवर करके उसे ब्रेकर के पास ही रोक लिया विधायक ने बताया कि जैसे ही हमारे सुरक्षाकर्मियों ने ब्रेजा कार को रोका वैसे ही अंदर बैठे दो संदिग्ध युवक बहुत ही तेजी से रिवर्स गियर लगाकर गाड़ी पीछे किया और बड़ी स्पीड से आगे बढ़ाया अगर हमारे सुरक्षाकर्मी एक सेकंड में न हट जाते तो वह उन पर गाड़ी चढ़ा कर मौत के घाट उतार देते उन्होंने बताया कि फिर हमारे सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत उसका पीछा किया वह बड़ी ही स्पीड से गाड़ी भगाता हुआ बमरौली में एक सड़क के अंदर गाड़ी डालकर गायब हो गया मेरे सुरक्षाकर्मियों ने उस गाड़ी के पीछे का नंबर प्लेट देखा जो कि आधी टूटी हुई थी और उसमें यूपी 70 एह 7 आधे में लिखा था जिस तरह से गाड़ी पहले पीछे लगी और फिर ब्रेकर आने से पहले योजनाबद्ध तरीके से गलत साइड से ओवर टेक करने के बहाने विधायक की तरफ आकर गाड़ी को बराबरी में कर लेना और फिर ब्रेकर से पहले ही मेरे सुरक्षाकर्मियों द्वारा उसे रोक लेना फिर वह उन्हीं के ऊपर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास करते हुए भागकर बमरौली की गली में घुस जाना और नंबर प्लेट का टूटी होना यह किसी योजनाबद्ध तरीके से अपराध को करने की मंशा को दशार्ता है इसकी सूचना विधायक ने थाना और उच्च अधिकारियों को तत्काल दिया एफ आई आर लिखकर रास्ते के कैमरे को चेक कर इस घटना का पदार्फाश करने की बात विधायक ने कही है।




सराय अकिल थाने में रद्दी में पड़ा मुख्यमंत्री योगी का बोर्ड

# सराय अकिल कोतवाल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम से इतनी नफरत क्यों!

## सराय अकिल कोतवाल के कारनामे पर भाजपा नेताओं और अधिकारियों ने धारण किया मौन

**कौशाम्बी।** सराय अकिल कोतवाल को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इतनी नफरत क्यों है उन्होंने उनके प्रचार का बोर्ड रद्दी में फेंक दिया है इस गंभीर मामले में आला अधिकारियों और पार्टी नेताओं ने भी मौन धारण कर लिया है जो चर्चा का विषय बन गया है यदि कोई अनजान ब्यक्ति गलती करे तो क्षमा योग्य होता है और उसी गलती को यदि जिम्मेदार ब्यक्ति करे तो उसे आप क्या कहेंगे जनता को जागरूक करने के लिये उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 का पोस्टर बनाया गया था जिसे जिले के हर कोतवाली में लगवाया गया लेकिन सरायअकिल के जिम्मेदार कोतवाल ने उसी पोस्टर को जमीन में रखकर डेस्क ढकने का कार्य किया है।बैनर में साफ दिख रहा है कि माननीय मुख्यमंत्री का बैनर फटा हुआ है,और बगल में झाड़ू रखा हुआ है।क्या यही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सम्मान है सराय अकिल कोतवाल की नजर में मुख्यमंत्री का यह सम्मान आखिर जनता के बीच क्या संदेश देता होगा।

## न्यूज झरोखा

### सपा अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष बने तीरथ सिंह



**कौशांबी।** समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के जिला उपाध्यक्ष पद पर एडवोकेट तीरथ सिंह की नियुक्ति का निर्देश अजीत सिंह जिला अध्यक्ष सपा अधिवक्ता सभा ने दिया है अजीत सिंह ने पत्र जारी करते हुए कहा है कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के निर्देशन में तीरथ सिंह एडवोकेट को कौशांबी जिले का समाजवादी अधिवक्ता सभा का उपाध्यक्ष बनाया जाता है इस मौके पर उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की नीतियों विचारों को पूरी निष्ठा ईमानदारी से वह जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे जिससे पार्टी को मजबूती प्रदान हो सके तीरथ सिंह एडवोकेट को उपाध्यक्ष बनाए जाने की जानकारी मिलने पर उनके साथियों ने उन्हें माल्यार्पण कर उनका जोरदार तरीके से स्वागत किया है स्वागत करने वालों मे केके यादव एडवोकेट विनय यादव एडवोकेट नवनीत सिंह एडवोकेट सफीक अहमद एडवोकेट राजेश्वर यादव एडवोकेट जसवंत सिंह एडवोकेट नागेंद्र सिंह एडवोकेट कैलाश चंद एडवोकेट रोहित कुमार यादव एडवोकेट सहित सैकड़ों अधिवक्ता शामिल रहे

### नगर पंचायत चायल में लगा गंदगी का अंबार, गंदा पानी पीने को मजबूर



**चायल।** कौशाम्बी मोदी सरकार की स्वच्छता अभियान की धज्जियां नगर पंचायत चायल के जिम्मेदार उड़ा रहे हैं नगर पंचायत वार्ड नं 2 में सफाई कर्मी के मनमानी के चलते नाली चोक हो चुकी है। सफाई व्यवस्था पूरी तरह से बंद है। सफाई कर्मी अपने मनमानी से ही आते है नगर पंचायत में मनमानी ड्यूटी कर उसे विभाग द्वारा वेतन मिल रहा है मोदी सरकार की स्वच्छ भारत अभियान योजना की चपत लगाकर सफाई कर्मी प्रत्येक महीना मोटी रकम वेतन के नाम पर वसूल रहा है। ड्यूटी में तैनात सफाई कर्मी द्वारा वार्ड न 2 और वार्ड न 3 में मनमानी तरीके से सफाई किया जा रहा है। चायल कस्बा के वार्ड न 2 में सफाई कर्मी न पहुंचने से पूरे वार्ड में गंदगी व्याप्त है नालियां चोक हो गई हैं जिससे पानी का बहाव नहीं है जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं नाली में गंदगी के भराव और कूड़े के ढेर से उठने वाली दुर्गंध से ग्रामीणों का जीना मुहाल है। पीने के पानी की सप्लाई की पाइप लाइन लीकेज होने से नालियों का पानी पीने के पानी के पाइप में जा रहा है जिससे दूषित पानी पीने को नगरवासी मजबूर है लेकिन सफाई कर्मी की तानाशाही पर रोक नहीं लग सकी है लोगों ने मामले की शिकायत नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिशाषी अधिकारी दिनेश सिंह से की और सफाई कर्मी को बर्खास्त कर नए सफाई कर्मी की तैनाती की मांग की है।

### नही होगा आम आदमी पार्टी और सपा का गठबंधन : जयपाल जिद्दी

**कौशाम्बी।** आम आदमी पार्टी के नेता ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2022 में आम आदमी पार्टी और समाजवादी पार्टी का गठबंधन नहीं होगा आम आदमी पार्टी संपूर्ण सीटों पर अकेले चुनाव लड़ कर विजय हासिल करेगी जो अटकलें आज तक चल रही थी की समाजवादी पार्टी आम आदमी पार्टी का गठबंधन होने वाला है उसे प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने साफ कर दिया हैं संजय सिंह चौहान प्रदेश महासचिव किसान प्रकोष्ठ ने कहा कि कोई कार्यकर्ता और विधान सभा प्रभारी हताश न हों अपने अपने क्षेत्र में वह चुनाव प्रचार में लग जाएं इसी क्रम में आम आदमी पार्टी नेता जय पाल जिद्दी ने कहा अब पार्टी कौशांबी के तीनो विधान सभा सीटों में पूरे दमखम से चुनाव लड़ेगी और जनता इस बार ईमानदार सरकार बनाएगी और भ्रष्टाचारियों को प्रदेश से उखाड़ फेंकने का काम करेगी।

# विधायक द्वारा खाद्य तेल चना एव नमक का किया गया नि:शुल्क वितरण

अखंड भारत संदेश



खाद्यान्न का वितरण करते विधायक लालबहादुर जिला पूर्ति अधिकारी व अन्य

**कौशाम्बी।** विधायक मंझनपुर लाल बहादुर द्वारा ग्राम दीवर कोतारी में आयोजित कार्यक्रम में राशन कार्ड धारक लाभार्थियों को राशन के साथ ही एक लीटर खाद्य तेल, एक किलो चना एवं एक किलो नमक का निःशुल्क वितरण किया विधायक ने लाभार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा सभी राशन कार्ड धारकों को आगामी मार्च माह तक राशन के साथ ही एक लीटर खाद्य तेल, एक किलो चना एवं एक किलो नमक का निःशुल्क वितरण किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसके फलस्वरूप सभी लाभार्थियों को वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी लाभार्थियों को कोविड काल के दौरान से निःशुल्क राशन का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार हर कदम पर आपके साथ खड़ी है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हर क्षेत्र एवं हर वर्ग के सर्वांगीण विकास के साथ ही गरीबी को दूर करने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर गांव एवं हर मजरे तक बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की गयी है तथा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का परिवार देश की जनता है विधायक ने कहा कि देश एवं प्रदेश के साथ ही जनपद कौशाम्बी में हर क्षेत्र में विकास कार्य हुए हैं यथा-मेडिकल कॉलेज निमार्णाधीन है, सड़कें, रेलवे ओवरब्रिज एवं पुल आदि अनेक विकास कार्य किये गये है/किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर तक नल से जल पहुंचाने का कार्य तेजी से चल रहा है तथा आपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों में आधार-भूत सुविधा उपलब्ध करायी गयी है एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों के खातों में पैसा भेजा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी पात्र लाभार्थियों को आवास, पेंशन, आयुष्मान योजना के तहत गोल्डेन कार्ड आदि विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने लाभार्थियों से कहा कि वे जागरूक होकर केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित अनेक योजनाओं का लाभ उठायें इस अवसर पर जिलापूर्ति अधिकारी अमित तिवारी, पूर्ति निरीक्षक प्रवीण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण व लाभार्थी गण उपस्थित रहे।

### डीएम ने निःशुल्क राशन वितरण व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने ग्राम समदा, गौरा एवं दीवर कोतारी में राशन की दुकानों का निरीक्षण कर निःशुल्क राशन वितरण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा उपस्थित लोगों से वार्ता कर राशन वितरण के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए जिलापूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि किसी भी लाभार्थी को कोई परेशानी न होने पाये। जिलाधिकारी द्वारा लाभार्थियों को राशन के साथ ही एक लीटर खाद्य तेल, एक किलो चना एवं एक किलो नमक का निःशुल्क वितरण भी किया गया।

### अशरफपुर में राशन वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

**कौशाम्बी।** मूरतगंज ब्लाक के अशरफपुर ग्राम सभा मे सरकारी उचित दर की दुकान में राशन वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया,सुरेश कुमार कोटेदार ने सरकार की तरफ से दी गई योजना में 50 गरीबो को रिफाइंड तेल,नमक,चना,गेहू चावल वितरण किया। जिससे गरीबो के चेहरों पर खुशी की लहर देखने को मिली।इस मौके पर अमरेश कुमार सिंह सहायक अध्यापक भी मौजूद रहे।

### राशन वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न

**कौशाम्बी।** मोदी सरकार के निशुल्क खाद्यान्न वितरण महाअभियान के तहत नगर पालिका मंझनपुर क्षेत्र के दीपक कुमार की सरकारी उचित दर की दुकान में राशन वितरण का कार्यक्रम शनिवार को सम्पन्न हुआ दीपक कुमार कोटेदार ने सरकार की तरफ से दी गई योजना में तमाम गरीबो को रिफाइंड तेल,नमक,चना,गेहू चावल वितरण किया। जिससे गरीबो के चेहरों पर खुशी की लहर देखने को मिली।इस मौके पर नगर के तमाम संभ्रांत लोग भी मौजूद रहे।

### दलित किशोरी से अभद्रता के मामले में दो उप निरीक्षकों सहित दो सिपाहियों पर मुकदमा दर्ज

**मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद भी दोषी उपनिरीक्षक और सिपाहियों पर नहीं हो सकी विभागीय कार्यवाही**

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के गढ़वा उदाथू गांव में धर-पकड़ के नाम पर एक वर्ष पूर्व अनुसूचित जाति की किशोरी को बेरहमी से पीटने मोबाइल छीनने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अभद्रता करने वाले दो उपनिरीक्षक व दो सिपाहियों के खिलाफ अदालत के निर्देश पर पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दिया है मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद भी दोषी उप निरीक्षकों और सिपाहियों पर विभागीय कार्यवाही नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार चरवा थाना क्षेत्र के गढ़वा उदाथू निवासी भारतलाल की कई साल पहले मौत हो चुकी है। उनकी बेटी रेखा देवी ने बताया कि 13 दिसंबर 2020 को चरवा थाने के तत्कालीन उपनिरीक्षक बिजेंद्र सिंह उपनिरीक्षक आदित्य कुमार कांस्टेबल नरेंद्र सिंह व कांस्टेबल देवेंद्र कुमार उसके गांव पहुंचे और मामा के बारे में पूछने लगे। किशोरी ने कारण पूछा तो पुलिस ने मारपीट के मामले में धर-पकड़ की बात कही। किशोरी ने मामा के बारे में अनभिज्ञता जाहिर की तो पुलिस गाली-गलौज करने लगी उसने विरोध किया तो पुलिस कर्मियों ने लाठी से किशोरी की पिटाई कर दी इससे उसके शरीर में गंभीर चोट आई। इस बीच उसका मोबाइल भी पुलिस कर्मियों ने छीनते हुए जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करके किशोरी से अभद्रता की पुलिस पिटाई से घायल किशोरी बेहोश हो गई। इस पर पुलिस कर्मी वहां से फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हुए चले गए। परिवार के लोगों ने किशोरी को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज से राहत मिलने के बाद किशोरी ने मामले की शिकायत थाने के अलावा पुलिस के आला अधिकारियों से की लेकिन पुलिस आला अधिकारियों ने भी दोषी उपनिरीक्षको और दोषी सिपाहियों को भरसक बचाने का प्रयास किया पुलिस अधिकारियों से न्याय न मिलने पर आहत किशोरी ने अदालत का सहारा लिया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने नामजद पुलिस कर्मियों के खिलाफ मारपीट एससीएसटी एक्ट व छिनैती का केस दर्ज कर लिया है वहीं कार्रवाई के बाद भी अब तक आरोपित पुलिस कर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के नाम पर निलंबन तो दूर की बात लाइन हाजिर तक नहीं किया गया।

### जहर खिलाकर दहेज लोभियों ने की विवाहिता की हत्या

**चरवा थाना क्षेत्र के समस पुर गांव में जल्लाद बने ससुराली जन पर दर्ज हुआ मुकदमा**

**कौशांबी।** दहेज लोभियों के ऊपर शासन चाहे जितना शिकंजा कसने का प्रयास करें लेकिन दहेज लोभी कानून को मानने को तैयार नहीं है बल्कि दहेज के लालची अपराध का दंड भुगतने को तैयार हैं आए दिन कौशांबी में दहेज की बलिवेदी पर विवाहिताए चढ़ रही है। ताजा मामला चरवा थाना क्षेत्र के समसपुर गांव का है समसपुर गांव में एक विवाहिता को जहर खिलाकर उसके ससुराली जनों ने हत्या कर दी है। जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के ओसा गांव निवासी गया प्रसाद विश्वकर्मा ने अपनी बेटी प्रियंका देवी की शादी 15 नवंबर 2017 को चरवा थाना क्षेत्र के समसपुर निवासी कुलदीप विश्वकर्मा पुत्र रामनंद विश्वकर्मा के साथ हिंदू रीति रिवाज से की थी शादी में हैसियत के अनुसार पिता ने स्वागत बारात में खर्च कर दान दहेज दिया था ससुराली जनों के सम्मान में बेटी के परिजनों ने कोई कमी नहीं रखी थी लेकिन दहेज के लालची ससुराली जनों ने प्रियंका के ससुराल पहुंचते ही दहेज की अतिरिक्त मांग शुरू कर दी लगातार उस पर ससुराल से लाखों रुपए लाने की मांग की जा रही थी जिसे देने में प्रियंका के माता-पिता ने असमर्थता जाहिर की लेकिन दहेज लोभियों का मुंह दानवों की तरह बढ़ता गया इस बीच कई बार पुलिस थाना से लेकर बिरादरी के बीच में पंचायत भी हुई लेकिन दहेज लोभी अपनी जिद पर अड़े रहे दहेज की मांग को लेकर आए दिन प्रियंका देवी के साथ अत्याचार मारपीट उत्पीड़न किया जाता रहा। बात बात पर उसे मानसिक उत्पीड़न किया जाता रहा जिसकी शिकायत बार-बार वह मायके में करती रही जब दहेज की मांग पूरी नहीं हुई तो प्रियंका की सास ससुर जेठ जेठानी देवर पति ने एक राय होकर प्रियंका देवी को जहरीला पदार्थ खिला दिया जिससे वह तड़पने लगी और कुछ देर में उसकी मौत हो गई। जानकारी मिलने पर प्रियंका के माता पिता समसपुर गांव पहुंचे मामले की तहरीर उन्होंने पुलिस को दिया तहरीर मिलने पर पुलिस ने प्रियंका की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और दहेज हत्या के आरोपी पति सास ससुर जेठ जेठानी देवर सहित छह लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है मुकदमा दर्ज होते ही ससुराली जन घर छोड़कर फरार हो गए हैं जिनकी तलाश पुलिस कर रही है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 3213 वादों का निस्तारण

**दो करोड़ बाइस लाख चौरान्चे हजार छः सौ सत्तासी रुपए का पारित किया गया आदेश**

**राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायाधीशगण द्वारा 2188 वादों का निस्तारण कर कुल 56,47,410 रू० का अर्थदण्ड वसूला गया**

अखंड भारत संदेश



राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित न्यायाधीश

**कौशाम्बी।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कौशाम्बी के तत्वाधान में प्रशासनिक न्यायमूर्ति, कौशाम्बी परिक्षेत्र शेखर कुमार यादव द्वारा सर्वप्रथम माँ सरस्वती की प्रतिमा का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्धघाटन किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश ब्रजेश कुमार मिश्र एवं न्यायिक अधिष्ठान के न्यायाधीशगण, मॉडल बार एसोसिएशन के अधिवक्तागण तथा बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी व जनमानस उपस्थित रहे। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायालय कौशाम्बी के न्यायाधीशगण द्वारा कुल 2188 वादों का निस्तारण कर कुल 56,47,410 रू० का अर्थदण्ड वसूला गया। इसी क्रम में जनपद के राजस्थ न्यायालयों द्वारा कुल 421 वाद का निस्तारण किया गया तथा बैंक के ऋण वसूली वादों से सम्बन्धित जनपद के सभी बैंको के द्वारा कुल 604 वादों का निस्तारण कर 2,50,74,108 रू0 टोकेन मनी जमा कराया गया। प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, कौशाम्बी द्वारा कुल 49 वादों का निस्तारण किया गया। इसी प्रकार पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, कौशाम्बी द्वारा कुल 09 वादों का निस्तारण करके कुल धनराशि 40,35,000 रू० का प्रतिकर प्रदान किया गया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 06 उत्तराधिकार के वादों का निस्तारण कर 43,72,115 रू० उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया। इसी प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 3213 वादों का निस्तारण कर दो करोड़ बाइस लाख चौरान्चे हजार छः सौ सत्तासी रुपए के संबंध में आदेश पारित किया गया। तदोपरान्त नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अधिकारी संजय मिश्र एवं प्राधिकरण के सचिव सौम्या गिरि द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया तथा लोक अदालत की समाप्ति की घोषणा की।

## सम्पादकीय

# नगालैंड की घटना के सबक

नगालैंड में सुरक्षाबलों की गोलीबारी से एक जवान समेत 15 लोगों की मौत से एक बार फिर केंद्र सरकार की नीतियों, सुरक्षा बलों की गतिविधियों और खुफिया एजेंसियों की सक्षमता पर सवाल खड़े होते हैं। अगर संवेदनशील सरकार होती तो अब तक गृहमंत्री इस्तीफे की पेशकश कर चुके होते, लेकिन मौजूदा सरकार में गृहमंत्री बयान देने में यकीन रखते हैं। हालांकि उनके बयान देने से न मृत लोग जिंदा हो सकते हैं, न सुरक्षा बलों और आम जनता के बीच विश्वास बहाली हो सकती है। नगालैंड की घटना इस बात का प्रमाण है कि पूर्वोत्तर में हिंदुत्ववादी एजेंडे को लागू कर भाजपा ने अपने पैर तो पसार लिए, लेकिन यहां के नाजुक हालात संभालने में केंद्र सरकार पूरी तरह विफल रही है। पहले असम-मिजोरम के बीच सीमा विवाद को लेकर हिंसक संघर्ष हुआ, जो आजाद देश में अभूतपूर्व घटना थी। इसके बाद त्रिपुरा में बांग्लादेश मामले के कारण सांप्रदायिक तनाव कायम हुआ और अब नगालैंड में सुरक्षा बलों ने उग्रवाद से लड़ाई के नाम पर अपने ही नागरिकों को निशाना बनाया, पहले भूल से और उसके बाद दमनकारी अंदाज में।

4 दिसंबर को नगालैंड के मोन जिले के तिरू और ओटिंग गांव के कुछ लोग कोयला खदान में काम करने गए। लेकिन शाम तक छह युवक वापस नहीं लौटे, तो उनके परिजनों और गांव के लोगों ने तलाश शुरू की। ओटिंग में ही एक पिकअप वैन में 6 युवकों के शव लथपथ पड़े मिले। पहले तो माजरा समझ नहीं आया, बाद में पता चला कि यहां पर सुरक्षा बलों ने फायरिंग की थी। इसके बाद वहां बड़ी संख्या में ग्रामीण इकज हो गए। नाराज, बेकाबू भीड़ ने सुरक्षा बलों की गाड़ियों में आग लगा दी। सुरक्षा बलों ने भीड़ को समझाने की कोशिश की लेकिन उग्र भीड़ शांत नहीं हो रही थी। इस दौरान दोबारा फायरिंग हुई जिसमें फिर कुछ लोगों की मौत हो गई। गौरतलब है कि मोन जिले की सीमाएं म्यांमार से मिलती हैं और प्रतिबंधित संगठन नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालैंड-के (एनएससीएन-के) के युंग ओंग धड़े की गतिविधियां यहीं से संचालित होती हैं। सेना को खुफिया सूचना मिली थी कि यहां कोई उग्रवादी गतिविधि की आशंका है, जिसके आधार पर सेना ने कार्रवाई की। लेकिन इस कार्रवाई में अपने ही नागरिकों को सेना ने निशाना बनाया। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में रोष की लहर दौड़ना स्वाभाविक है। जनता के आक्रोश को देखते हुए अब यहां कर्फ्यू लगा दिया गया है, कई जगह इंटरनेट पर पाबंदियां हैं। नगालैंड पुलिस ने भारतीय सेना के 21 पैरा विशेष बलों के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए प्राथमिकी दर्ज की है। प्राथमिकी में नगालैंड पुलिस ने स्पष्ट रूप से कहा है कि पैरा स्पेशल बलों ने स्थानीय पुलिस को सूचित नहीं किया था, न ही कोई पुलिस गाइड लिया था। सेना अपनी कार्रवाई के पीछे 'गलत पहचान' को कारण बता रही है, लेकिन प्राथमिकी में पुलिस ने 'सुरक्षा बलों की मंशा नागरिकों की हत्या और घायल करना' बताया है। नागा स्टूडेंट्स फेडरेशन ने प्रदेश में पांच दिनों के शोक का ऐलान किया है। नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफियो रियू ने इस घटना पर दुख जताते हुए एसआईटी की जांच की घोषणा की है और मृतकों के परिजनों के लिए पांच-पांच लाख के मुआवजे का ऐलान किया है। सेना ने भी घटना को खेदजनक बताते हुए 'कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी' का आदेश दिया है। नगालैंड की इस घटना के बाद एक बार फिर से पूर्वोत्तर से सशस्त्र बल (विशेषाधिकार) अधिनियम, 1958 यानी अफ्स्पा को वापस लेने की मांग जोर पकड़ने लगी है। पहले ही कई नागरिक संगठन और इलाके के राजनेता वर्षों से अधिनियम की आड़ में सुरक्षाबलों पर ज्यादती का आरोप लगाते हुए इस कानून को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। इस कानून के तहत सेना के जवानों को कानून तोड़ने वाले व्यक्ति पर गोली चलाने का भी अधिकार होता है, इसलिए इसमें मानवाधिकार हनन की आशंका हमेशा बनी रहती है। अमूमन अफ्स्पा के कारण सैन्यबलों की ज्यादतियों को राजनैतिक शह मिल जाती है, लेकिन नगालैंड में पुलिस ने ही सैन्य बलों पर हत्या के आरोप लगाए हैं। मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने अफ्स्पा को हटाने की मांग की है। नॉर्थ ईस्ट स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन (एनईएसओ) ने कहा कि अगर केंद्र पूर्वोत्तर के लोगों के कल्याण और कुशलता के बारे में चिंतित है तो उसे कानून को निरस्त करना चाहिए। वहीं ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन (एएएसयू) के मुख्य सलाहकार समुज्जल कुमार भट्टाचार्य ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा के लिए कठोर और अलोकतांत्रिक अफ्स्पा को निरस्त किया जाना चाहिए। विभिन्न क्षेत्रों के इन लोगों की सलाह पता नहीं केंद्र सरकार तक पहुंचती है या नहीं। वैसे यह तय है कि सरकार का मनमाना रवैया और सब कुछ ठीक होने का ऊपरी दिखावा कश्मीर से लेकर पूर्वोत्तर तक आम जनजीवन में उथल-पुथल मचा चुका है। सशक्त सरकार की असली ताकत सैन्य बलों से नहीं, जनता की सुख-शांति से होती है। मगर मोदी सरकार सैन्य ताकत के बूते जनता पर राज कर रही है। 2015 में जब नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड यानी एनएससीएन (मुइवाह) और भारत सरकार के बीच शांति समझौता हुआ तो इसे ऐतिहासिक उपलब्धि की तरह पेश किया गया था। लेकिन सच यही है कि इस शांति समझौते के बावजूद नगालैंड में स्थायी शांति नहीं आ सकी और विद्रोही ताकतें सिर उठाती रहीं। इन ताकतों को मुख्यधारा में शामिल करने के लिए जो विश्वास बहाली सरकार के साथ होना चाहिए थी, वह भी नहीं हुई। इसी का नतीजा है कि सुरक्षाबल उग्रवादी गतिविधियों पर लगाम कसने की जोरआजमाइश करते रहे। इसका एक वीभत्स उदाहरण 4 तारीख को सामने आया। देखना होगा कि अब अफ्स्पा पर मोदी सरकार यू टर्न लेती है या नहीं।

# संरक्षणवाद अपनाइए और रोजगार बनाइए

**भरत झुनझुनवाला**

तमाम अधिकारियों और नेताओं की संतानें बहुराष्ट्रीय कम्पनियों में कार्य करती हैं। सेवानिवृत्ति के बाद ये स्वयं विश्व बैंक कि सलाहकारी करने को उत्सुक रहते हैं। इसलिए इनकी मानसिकता ही बन जाती है कि बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के हितों को साधें और वे अनजाने में ही देशहित की ऐसी गलत परिभाषा कर बैठते हैं जिसके अंतर्गत हम आयातों पर निर्भर होते जा रहे हैं और हमारे उद्यमी बेरोजगार होते जा रहे हैं। बीते वर्ष में अपने निर्यातों में 10 अरब डालर की वृद्धि हुई है तो आयातों में 21 अरब डालर की वृद्धि हुई है। सच यह है कि निर्यात बढ़ाने के प्रयास में हमारे आयात बढ़ रहे हैं और हम दबते जा रहे हैं। सरकार ने पिछले वर्ष इस समस्या का संज्ञान लेते हुए चीन के की ऐप जैसे जूम और कैम स्कैनर पर और रक्षा से सम्बन्धित लगभग 100 वस्तुओं पर प्रतिबन्ध लगाया था। कोट, पैंट, जूलरी, प्लास्टिक, केमिकल, चमड़ा इत्यादि माल पर आयात कर बढ़ाए थे। लेकिन ये कदम पर्याप्त सिद्ध नहीं हुए हैं।

हमारे आयात दिनोंदिन बढ़ते ही जा रहे हैं। कारण यह है कि हमने खुले व्यापार को अपना रखा है। अर्थव्यवस्था को चलाने के दो माडल हैं। एक यह कि हम खुले व्यापार को अपनाएं और अपने माल का निर्यात करने का प्रयास करें। विदेशी माल के आयात करने की छूट दें ताकि हमारे निर्यात क्षेत्र में रोजगार उत्पन्न हो सके और हमारे उपभोक्ता को सस्ता विदेशी माल उपलब्ध हो। इस माडल की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि हम कितना निर्यात कर पाते हैं। सस्ते आयातों का पेमेंट करने के लिए निर्यात से डॉलर अर्जित करना जरूरी होता है। पिछले वर्ष का अनुभव प्रमाणित करता है कि खुले व्यापार के माडल से हमें सफलता नहीं मिल रही है। निर्यातों में वृद्धि कम और आयातों में वृद्धि अधिक हो रही है। इसलिए हमें दूसरे संरक्षणवाद के माडल को अपनाना चाहिए। इस माडल में हम केवल अति जरूरी माल के आयात को छूट देते हैं। शेष माल पर भारी आयात कर लगा देते हैं जिससे कि अधिकाधिक माल का उत्पादन अपने देश में हो। संरक्षणवाद का लाभ यह है कि हम अधिकतर माल में आत्मनिर्भर हो जाते हैं। हमारी आर्थिक संप्रभुता की रक्षा होती है। नुकसान यह है कि हमें विदेशों में बना सस्ता माल नहीं मिलता है। दूसरा नुकसान है कि हमारे उद्यमी अकुशल उत्पादन में लिप्त हो जाते हैं। विदेशी माल पर आयात कर अधिक होने से आयातित माल महंगा पड़ता है और हमारे उद्यमी मुनाफाखोरी करते हैं या अकुशल उत्पादन करते हैं क्योंकि उन्हें सस्ते विदेशी माल से प्रतिस्पर्धा करने की जरूरत नहीं रह जाती है। इस तथ्य के बावजूद मेरा मानना है कि हमें संरक्षणवाद को अपनाना चाहिए। मान लें कि संरक्षणवाद को अपनाने से अपने देश में अकुशल उत्पादन होता है तो भी इस अकुशल उत्पादन में हमारे श्रमिकों को रोजगार मिलता ही है। उनकी क्रय शक्ति में वृद्धि होती है। अतः प्रश्न यह है कि हम अपने श्रमिकों को रोजगार के साथ महंगा घरेलू माल परोसेंगे या बेरोजगारी के साथ सस्ता विदेशी माल? यदि हम खुले व्यापार को अपनाते हैं और सस्ता विदेशी माल अपने देश में आता है तो हमारे उद्योग बंद हो जाते हैं। हमारे श्रमिक बेरोजगार हो जाते हैं।

विदेश का बना सस्ता माल हमारी दुकानों में उपलब्ध तो होता है लेकिन श्रमिक की जेब में नगद नहीं होता है कि वह उस माल को खरीद सके। सस्ता विदेशी माल स्वप्न जैसा रह जाता है। सस्ता माल उपलब्ध कराकर उन्हें बेरोजगारी के साथ भुखमरी की कगार पर लाने की तुलना में रोजगार के साथ महंगा माल उपलब्ध कराना उत्तम है। तब माल कम भी मिलेगा तो भी वे कुछ खपत तो कर ही सकेंगे। भूखे नहीं मरेंगे। खुले व्यापार का सिद्धांत है कि हर देश उस माल का उत्पादन करेगा जिसे वह कुशलतापूर्वक बना सकता है। जैसे भारत गलीचे का कुशल उत्पादन करे और चीन बिजली के बल्ब का कुशल उत्पादन करे। भारत सस्ते गलीचों का निर्यात करे और चीन सस्ते बल्ब का निर्यात करे। तब भारत में गलीचे के उत्पादन में रोजगार बनेंगे और उस आय से भारतीय नागरिक को चीन के सस्ते बल्ब को खरीद सकेंगे। इसी प्रकार चीन के नागरिक को बल्ब के उत्पादन में रोजगार मिलेंगे और उस आय से वे भारत में बने सस्ते गलीचे को खरीद सकेंगे। यह सिद्धांत सही है लेकिन यह गैर आवश्यक माल मात्र पर लागू होता है। जैसे मान लीजिये हम स्टील का आयात चीन से करने लगें तब हम अपने देश में बंदूक, पनडुब्बियां, हवाई जहाज इत्यादि माल का उत्पादन भी नहीं कर सकेंगे क्योंकि इनके उत्पादन के लिए हमें स्टील चाहिए जिसे प्राप्त करने के लिए हम चीन पर आश्रित हो जायेंगे। इसलिए अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए जरूरी है कि हम आवश्यक वस्तुओं का उत्पादन अपने देश में ही करें यह चाहे महंगा ही क्यों न पड़े। आर्थिक संप्रभुता की रक्षा का हमें मूल्य तो चुकाना ही पड़ेगा। जैसे हम कार खरीदते हैं तो उस पर इन्श्योरेन्स का अधिभार अदा करते हैं। इसी प्रकार हमें आयातित माल पर संप्रभुता का अधिभार वसूल करना पड़ेगा। जैसे यदि देश में उत्पादित स्टील का दाम 50 रुपये प्रति किलो है और विदेश में उत्पादित स्टील का दाम 40 रुपए प्रति किलो है तो हम विदेशी स्टील पर 10 रुपए का संप्रभुता अधिभार लगा सकते हैं चूंकि हमारे लिए अपने ही देश में स्टील का उत्पादन करना आवश्यक है। तब अपने देश में बने स्टील और आयातित स्टील दोनों का दाम 50 रुपए प्रति किलो हो जाएगा और अपने देश में स्टील का उत्पादन हो सकेगा। बंदूक, पनडुब्बियां, हवाई जहाज इत्यादि का उत्पादन करने के लिए हम चीन पर आश्रित नहीं होंगे। इसलिए आर्थिक संप्रभुता की रक्षा के लिए हमें जरूरी माल में खुले व्यापार को नहीं अपनाना चाहिए।

संरक्षणवाद के विरोध में तर्क 1950 से 1990 की हमारी दुर्गति का दिया जाता है। यह सही है कि उस समय हमने संरक्षणवाद को अपनाया और और अपना देश वांछित प्रगति नहीं कर सका। लेकिन इसका कारण केवल संरक्षणवाद को ही नहीं ठहराया जा सकता है। सही बात यह है कि यदि हम संरक्षणवाद के साथ अपने घरेलू उद्यमियों के बीच प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहन दें तो आपसी प्रतिस्पर्धा में ये स्वयं कुशल उत्पादन करने लगेंगे। हमने बीते समय में गलती यह की कि संरक्षणवाद के साथ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा नहीं दिया जिसके कारण हमारे उद्यमी अकुशल उत्पादन करने लगे। इसलिए यदि हम संरक्षणवाद को अपनाने के साथ घरेलू प्रतिस्पर्धा को बढ़ाएं तो हमारे उद्यमी कुशल भी हो जायेंगे और हम निर्यातों का सामना भी कर सकेंगे। आश्चर्य की बात है कि इस तथ्य को हमारे सरकारी अधिकारी क्यों नहीं समझते? मेरा मानना है कि तमाम अधिकारियों और नेताओं की संतानें बहुराष्ट्रीय कम्पनियों में कार्य करती हैं। सेवानिवृत्ति के बाद ये स्वयं विश्व बैंक कि सलाहकारी करने को उत्सुक रहते हैं। इसलिए इनकी मानसिकता ही बन जाती है कि बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के हितों को साधें और वे अनजाने में ही देशहित की ऐसी गलत परिभाषा कर बैठते हैं जिसके अंतर्गत हम आयातों पर निर्भर होते जा रहे हैं और हमारे उद्यमी बेरोजगार होते जा रहे हैं।

# उप्र : दुतरफा सांप्रदायिक खेला

**राजेन्द्र शर्मा**

बहरहाल, भाजपा को बखूबी मालूम है कि सांप्रदायिक गोलबंदी की यह कसरत, तब तक ज्यादा दूर नहीं जा सकती है, जब तक कि उसे जवाबी सांप्रदायिक गोलबंदी का सहारा या कम से बहाना हासिल नहीं हो। हिंदू-हिंदू, मंदिर-मंदिर कर के भी, गन्ने के बकाया, एमएसपी पर खरीद आदि से लेकर, नौकरियों के अभाव, उसके चलते लगातार बढ़ते पलायन, आम लोगों की असुरक्षा से लेकर खुलेआम जातिवादी भेदभाव तक के सवालों से हिंदुओं के बड़े हिस्से को भी कब तक विमुख रखा जा सकता है? उत्तर प्रदेश में भाजपा की हंफनी छूट रही लगती है। चुनाव अभी कम से दो महीने दूर है। फिर भी भाजपा ने न सिर्फ अपनी सांप्रदायिक दुहाई का ज्यादा से ज्यादा सहारा लेना शुरू कर दिया है बल्कि सांप्रदायिक दुहाई के अपने भड़काऊ से भड़काऊ नारों का सहारा लेना शुरू कर दिया है। ऐसी ही एक कोशिश में दिसंबर शुरू होते ही, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री, केशव प्रसाद मौर्य ने एक ट्वीट कर, अचानक मथुरा विवाद को उछाल दिया। खास संघी चतुराई के साथ गढ़े गए ट्वीट में कहा गया था "अयोध्या, काशी, भव्य मंदिर निर्माण जारी है, मथुरा की तैयारी है।" यह एक प्रकार से अयोध्या में बाबरी मस्जिद के ध्वंस के बाद से दिए जाते रहे इसी नारे का किंचित परिवर्तित रूप था कि, 'अयोध्या तो झांकी है, काशी, मथुरा बाकी है।' जाहिर है कि इस ट्वीट में मथुरा में मस्जिद जन्मभूमि के खिलाफ अभियान के अनुमोदन के अलावा जो बात बिना कहे कही जा रही थी, वह यह थी इन 'उपलब्धियों' के श्रेय की भाजपा राज की दावेदारी! लेकिन, मौर्य ने मथुरा विवाद को कोई अचानक ही हवा नहीं दे दी। इसके लिए योगी सरकार के उपमुख्यमंत्री को प्रेरित किया था, मथुरा में विवादित शाही ईदगाह मस्जिद में 'लड्डूगोपाल' का जलाभिषेक करने के अखिल भारत हिंदू महासभा के एलान ने। संयोग ही नहीं है कि हिंदू महासभा ने इस उकसावे पूर्ण कार्रवाई के लिए 6 दिसंबर का दिन चुना था।

यानी हिंदू महासभा भी बिल्कुल स्पष्टद्द कर रही थी कि यह बाबरी मस्जिद के ध्वंस की परंपरा को ही आगे बढ़ाने की कोशिश का मामला है। याद रहे कि इसी संबंध पर मौर्य ने भी अपने ट्वीट में जोर दिया था, लेकिन मंदिर निर्माण की बात कहकर। बहरहाल, बाबरी मस्जिद के ध्वंस की सालगिरह के बहाने से, मथुरा विवाद की आग को हवा देने की योगी सरकार में नंबर-2 मौर्य की यह कोशिश चुनाव प्रचार के बाकायदा शुरू होने और खासतौर पर एक ओर अखिलेश यादव व प्रियंका गांधी की जनसभाओं में उमड़ती भारी उत्साह भरी भीड़ों तथा दूसरी ओर मोदी-योगी के कार्यक्रमों में भी नजर आती थकावट को देखते हुए, संघ-भाजपा के कुछ नये की तलाश में अपने सांप्रदायिक ताल में हाथ-पांव मार रहे होने को तो दिखा ही रहा था। इसके साथ ही यह संघ-भाजपा जोड़ी के सांप्रदायिक नारों के शरारतपूर्ण इस्तेमाल के जरिए, अपने समर्थक बहुसंख्यकों के धार्मिक-भावनात्मक मैनिपुलेशन के खेल को भी दिखा रहा था। चूंकि इस समय उत्तर प्रदेश में भाजपा की और केंद्र में मोदी की सरकार है, बाबरी मस्जिद के ध्वंस की बरसी पर, 6 दिसंबर को मथुरा में मस्जिद ईदगाह के गिर्द किसी भी गड़बड़ी की इजाजत नहीं दी जा सकती थी। तब तो और भी नहीं, जब विधानसभा के चुनाव दो ही महीने दूर हैं और दूसरी ओर, संसद का सत्र चल रहा है। लिहाजा, योगी सरकार ने आनन-फानन में हिंदू महासभा के आह्वान पर रोक लगा दी और प्रशासन ने स्पष्टद्द कर दिया कि संबंधित स्थल पर किसी हरकत इजाजत नही दी जाएगी। हिंदू महासभा ने भी, जिसकी थोड़ी लाइम लाइट लेने से आगे, न तो प्रशासन से किसी टकराव की नीयत थी और न संघ परिवार की इच्छा के खिलाफ जाने की हिम्मत थी, फौरन अपना कार्यक्रम बदल दिया और अपने समर्थकों से अपने घर पर ही लड्द्दडूगोपाल का जलाभिषेक करने के लिए कह दिया। इसी पृष्ठद्दभूमि में, भाजपाई सरकार के उपमुख्यमंत्री ने मथुरा विवाद को भुनाने के लिए छलांग लगा दी। आखिरकार, संघ-भाजपा इस मुद्दे को उछालने में फायदा ही फायदा नजर आ रहा था, जबकि इसमें जोखिम जरा भी नहीं था। अचरज नहीं कि मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने भी अपने और अपनी पार्टी के हिंदू-मंदिरों-आचारों-त्यौहारों के भी रखवाले और अपने विरोधियों के हिंदू-विरोधी होने की अपनी लफ्फाजी का विस्तार करते हुए, 'हम भव्य राम मंदिर बनवाने वाले जबकि विरोधी, कारसेवकों पर गोली बरसाने वाले' की जुम्लेबाजी में यह आश्वासन और जोड़ दिया कि, 'अब जब कारसेवा होगी, मथुरा में या कहीं भी, कार सेवकों पर गोलियां नहीं बरसाई जाएंगी, फूल बरसाए जाएंगे।' यह एक प्रकार के मौर्य के इसके संकेत का ही अनुमोदन था कि 'अब मथुरा में भी भव्य मंदिर' इस चुनाव में भाजपा के प्रचार का हिस्सा रहने जा रहा है। हां! अयोध्या, काशी और मथुरा के मिश्रण में, किसका कितना, कहां और किस स्तर पर इस्तेमाल किया जाएगा, यह चुनावी जरूरत के हिसाब से तय किया जाएगा।

उधर मुजफ्फरनगर के बाद, सहारनपुर के अपने दौरे से आदित्यनाथ ने साफ कर दिया है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में किसान आंदोलन से हुए अपने चुनावी नुकसान को कम करने के लिए भाजपा, 2013 के सांप्रदायिक दंगे की अपनी हिंदुत्ववादी छवि को ही फिर से चमकाने की कोशिश करेगी। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि प्रधानमंत्री मोदी, जिन्होंने 2017 के विधानसभाई चुनाव में संघ-भाजपा के प्रचार में 'श्मशान बनाम कब्रिस्तान' और 'दीवाली बनाम रमजान' का मुद्दा जोड़ा था, इस बार सांप्रदायिक लामबंदी को आगे बढ़ाने के लिए कौन सा नया मुद्दा जोड़ते हैं। बहरहाल, भाजपा को बखूबी मालूम है कि सांप्रदायिक गोलबंदी की यह कसरत, तब तक ज्यादा दूर नहीं जा सकती है, जब तक कि उसे जवाबी सांप्रदायिक गोलबंदी का सहारा या कम से बहाना हासिल नहीं हो। हिंदू-हिंदू, मंदिर-मंदिर कर के भी, गन्ने के बकाया, एमएसपी पर खरीद आदि से लेकर, नौकरियों के अभाव, उसके चलते लगातार बढ़ते पलायन, आम लोगों की असुरक्षा से लेकर खुलेआम जातिवादी भेदभाव तक के सवालों से हिंदुओं के बड़े हिस्से को भी कब तक विमुख रखा जा सकता है? यही वह मुकाम है जहां असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व में एमआइएम, वस्तुगत रूप से संघ-भाजपा की मदद के लिए सदल-बल हाजिर है। यहां इस बहस में पड़ने का कोई लाभ नहीं है कि ओवैसी की पार्टी को भी चुनाव लड़ने का दूसरों जितना ही जनतांत्रिक अधिकार है। या उनकी पार्टी के मुसलमानों के तौर पर मुसलमानों के मुद्दे उठाने में, मुसलमानों के प्रतिनिधित्व की मांग करने में, कुछ भी गलत नहीं है। इससे भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि मुख्यधारा की धर्मनिरपेक्ष पार्टियों ने अल्पसंख्यकों के साथ न्याय सुनिश्चित करने के लिए कुछ खास नहीं किया है। यहां तक कि यह भी माना जा सकता है कि हालांकि एमआइएम ने उत्तर प्रदेश में पूरी सौ यानी ठीक-ठाक मुस्लिम आबादी वाली ज्यादातर सीटों पर चुनाव लड़ने की अपनी मंशा जताई है, हो सकता है कि बिहार की तरह आखिर में वह अपनी सीटों की संख्या घटा दे और इस तरह उस सीटों की संख्या भी बहुत ज्यादा नहीं रह जाए, जहां उसके उम्मीदवार वोट बांट रहे हो सकते हैं।

इस सब के बावजूद, महत्वपूर्ण वह वस्तुगत भूमिका है जो एमआइएम की मौजूदगी अदा करने जा रही और सिर्फ या मुख्यतः उन सीटों पर ही नहीं अदा करने जा रही है, जहां वह उम्मीदवार खड़े करेगी या उम्मीदवार खड़े कर के मुस्लिम वोट बांट सकती है। उसकी यह भूमिका पूरे राज्य के पैमाने पर होगी। यह भूमिका इस तथ्य में निहित है कि संघ-भाजपा की मुस्लिम अनुकृति मुहैया कराके एमआइएम जैसे कोई भी घोषित रूप से मुस्लिम समुदाय को संबोधित करने वाली कतारबंदी, खुद सांप्रदायिक रुख न भी अपनाए तब भी, बहुसंख्यकवादी राजनीति को वैधता प्रदान करती है और उसी अनुपात में धर्मनिरपेक्ष राजनीति की वैधता पर सवाल खड़े कर, उसे कमजोर करती है। और पिछले बिहार विधानसभाई चुनाव का और हैदराबाद नगर निगम के चुनाव का भी अनुभव गवाह है, संघ-भाजपा द्वारा एमआइएम की सीमित मौजूदगी को भी सबसे बढ़कर, अपने धर्मनिरपेक्ष विरोधियों को बहुसंख्यक विरोधी रंग में रंगकर प्रस्तुत करने के लिए और सांप्रदायिक आधार पर बहुसंख्यकों के बढ़ते हिस्से को अपने पीछे गोलबंद करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। हैदराबाद नगर निगम चुनाव में संघ-भाजपा ने, एमआइएम के अपेक्षाकृत छोटी ताकत होने के बावजूद, चुनाव प्रचार का अपना हमला उस पर ही केंद्रित रखा था और एमआइएम के साथ उसके रिश्ते के आरोपों को ही टीआरएस के खिलाफ अपने हमले का मुख्य हथियार बनाया था और बड़ी कामयाबी हासिल की थी, वह इसी सचाई को दिखाता है। यह बहुसंख्यकवादी ताकतों को मजबूत करने और अल्पसंख्यकों की वस्तुगत स्थिति कमजोर करने का ही रास्ता है। धर्मनिरपेक्ष ताकतों के साथ अल्पसंख्यकों की लामबंदी ही, बहुसंख्यकवाद के मुकाबले में मदद कर सकती है। उत्तर प्रदेश के चुनाव में एमआइएम जाने-अनजाने इससे उल्टी ही भूमिका अदा करने जा रही है। कौन कह सकता है कि बिहार में एनडीए को दोबारा सत्ता तक पहुंचाने वाली बहुत ही मामूली बढ़त में, एमआइएम की इस भूमिका का ही हाथ नहीं था।

# एस-400 भारत का नया रक्षा कवच

**रंजना मिश्रा**

अमेरिका दुनिया का सबसे ताकतवर देश है, लेकिन दुनिया को सबसे घातक हथियार देने वाला अमेरिका भी एक ब्रह्मास्त्र से खौफ खाता है। वो है रूस का एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम। पुतिन का ये हथियार तुर्की ने लिया तो अमेरिका ने उस पर कई तरह के प्रतिबंध लगा दिए। भारत ने रूस से एस-400 खरीदने की डील साइन की तो अमेरिका का पारा हाई हो गया। असल में एस-400 की तैनाती का मतलब है, देश की सुरक्षा की गारंटी और इस मिसाइल के प्रहार का मतलब है, आसमान में अभेद्य कवच। दुश्मन के पास कितनी भी ताकतवर मिसाइल हों, कैसा भी फाइटर जेट हो, सीक्रेट तरीके से घुसपैठ करने वाला ड्रोन हो, एस-400 के रहते वो सरहद पार नहीं कर सकता। रूस ने भारत को दुनिया के सबसे खतरनाक मिसाइल डिफेंस सिस्टम एस-400 की डिलीवरी शुरू कर दी है। एस-400 एक साथ तरह-तरह के खतरों से निपट सकता है। इसकी विशेष बात यह है कि सैकड़ों किलोमीटर दूर से ही ये दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रख सकता है और पलक झपकते ही दुश्मन के मंसूबों पर पानी फेर देता है। यह मिसाइल सिस्टम एक साथ 36 ठिकानों पर तबाही मचा सकता है। इतना ही नहीं यह डिफेंस सिस्टम 4 तरीके की मिसाइलों से लैस है और 40 से 400 किलोमीटर दूरी तक घातक प्रहार कर दुश्मन को ढेर कर सकता है, यानी अगर इसकी तैनाती दिल्ली में की जाए तो दुश्मन के किसी विमान या मिसाइल को आगरा पहुंचने से पहले ही यह तबाह और बर्बाद कर देगा। एस-400 मिसाइल सिस्टम अलग-अलग तरह की चार मिसाइलों से लैस होता है। इसमें एक मिसाइल लॉन्ग रेंज की है, जो 400 किलोमीटर तक मार कर सकती है। दूसरी मिसाइल मीडियम रेंज की है, जो ढाई सौ किलोमीटर तक प्रहार कर सकती है। तीसरी मिसाइल मीडियम-शार्ट रेंज की है, ये 120 किलोमीटर तक हमला कर सकती है और चौथी मिसाइल शार्ट रेंज की है, ये 40 किलोमीटर के दायरे में दुश्मन को तबाह कर सकती है। यह डिफेंस सिस्टम सबसे एडवांस्ड राडारों से लैस है, जिससे ये 600 किलोमीटर की दूरी तक अपने 300 टारगेट्स का पता लगा सकता है और कुछ ही मिनटों में इन्हें ध्वस्त कर सकता है। ये बड़ी आसानी से एक जगह से दूसरी जगह पर ले जाया जा सकता है और सिर्फ 5 मिनट के अंदर हमले के लिए तैनात किया जा सकता है। इसमें लगे मिसाइल सुपरसोनिक और हाइपरसोनिक हैं, जो करीब 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ान भर सकते हैं। इतना ही नहीं जमीन से 35 किलोमीटर ऊपर आसमान में भी ये दुश्मन की किसी भी मिसाइल, राकेट या लड़ाकू विमान का खात्मा कर सकते हैं। एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम स्टील्थ मोड के 5वें जनरेशन फाइटर प्लेन तक को गिरा सकता है। अमेरिका के सबसे बड़े एडवांस्ड एफ-35 फाइटर जेट भी इससे बच नहीं सकते हैं। इस डिफेंस सिस्टम के मुख्य रूप से तीन हिस्से हैं, पहला हिस्सा है, टारगेट मैनेजमेंट रडार सिस्टम, जो दुश्मन की दूरी तय करता है। इसके बाद आता है कमांड सेंटर, जो दुश्मन के हमले की दूरी तय करके मिसाइल लॉन्चर को हमले का निर्देश देता है और तीसरा हिस्सा है मिसाइल लॉन्चर, जिसमें से मिसाइल अपने टारगेट पर हमला करने के लिए निकल पड़ती है।

यह एक सरफेस टू एयर मिसाइल सिस्टम है, यानी ये सतह से हवा में मार करने वाला दुनिया का सबसे आधुनिक और सबसे प्रभावी मिसाइल सिस्टम माना जाता है। अगर भारत इस मिसाइल डिफेंस सिस्टम को कश्मीर में लाइन ऑफ कंट्रोल पर तैनात कर देता है तो पाकिस्तान चाह कर भी कोई हवाई हमला हमारी सीमा के अंदर नहीं कर पाएगा। अगर उसने हमला किया भी तो ये एस-400 एक बार में उसके 32 विमानों को मार कर नीचे गिरा सकता है। इसलिए यह कहा जा सकता है कि भारतीय सेना को एस-400 क्षमता के रूप में एक ऐसी मारक क्षमता मिली है, जिसका जवाब अब तक कोई देश ढूंढ नहीं पाया है। इस डिफेंस सिस्टम के दो महत्वपूर्ण पहलू हैं, पहला सीमा पर इस डिफेंस सिस्टम की तैनाती से चीन और पाकिस्तान पर होने वाला असर, क्योंकि यही दो हमारे दुश्मन देश हैं और दूसरा पहलू है अमेरिका, क्योंकि अमेरिका नहीं चाहता था कि भारत रूस से ये मिसाइल डिफेंस सिस्टम खरीदे। इस संबंध में अमेरिका में वर्ष 2017 में एक कानून लाया गया था, ताकि अगर कोई देश विरोध के बावजूद रूस से कोई रक्षा सौदा करता है तो उस देश पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। सवाल यह है कि क्या अमेरिका अब भारत पर भी प्रतिबंध लगाएगा?

इस सिस्टम के कुल 4 भाग हैं। पहला है लॉन्ग रेंज सर्विलांस रडार, इसकी ट्रैकिंग रेंज 600 किलोमीटर है। मान लीजिए अगर दिल्ली में यह मिसाइल डिफेंस सिस्टम तैनात कर दिया जाए और लगभग 600 किलोमीटर दूर लखनऊ में आसमान में कोई दुश्मन विमान उड़ रहा है तो ये रडार सिस्टम उसके बारे में सब कुछ पता लगा सकता है। इसके बाद ये कमांड व्हीकल को इसकी जानकारी देगा। इस कमांड व्हीकल को इस मिसाइल डिफेंस सिस्टम का ब्रेन यानी दिमाग कहा जा सकता है। क्योंकि यही ब्रेन इस पूरे सिस्टम को कंट्रोल करता है। इसके बाद बारी आती है इंगेजमेंट रडार की। इसी रडार सिस्टम से टारगेट को चुना जाता है और फिर जब लांच व्हीकल(प्रक्षेपण यान) से मिसाइल दागी जाती है तो इसकी मदद से मिसाइल टारगेट का पीछा करना शुरू कर देती है, यानी अगर मिसाइल एक बार फायर हो गई तो ये 100 प्रतिशत अपने लक्ष्य को नष्ट करके ही रहती है। इसमें कुल चार मिसाइल ट्यूब लगी हैं। एक ट्यूब से 8 मिसाइलें दागी जा सकती हैं यानी अगर चारों ट्यूब से मिसाइल फायर की जाएं तो एक साथ दुश्मन के 32 विमान गिराए जा सकते हैं और ये हमला 400 किलोमीटर की रेंज के बीच हो सकता है। इसे एस-400 इसीलिए कहते हैं, क्योंकि इसकी मारक क्षमता 400 किलोमीटर है। भारत को एस-400 की कुल 5 रेजीमेंट मिलने वाली हैं, जिनमें कुल 5 मोबाइल कमांड सेंटर, 10 रडार और 10 लांचर्स होंगे। एक लांचर से अगर एक बार में चार मिसाइल भी दागी जाती हैं तो भारत आने वाले कुछ वर्षों में ऐसी 160 मिसाइलों को एक साथ फायर करने में सक्षम होगा। इसका मतलब यह हुआ कि पाकिस्तान और चीन भारत पर हवाई हमला करने के बारे में अब शायद सोच भी नहीं पाएंगे। भारत ने रूस से ये 5 रेजीमेंट 39 हजार करोड़ रुपये में खरीदे हैं। पूरी डील लगभग 40 हजार करोड़ रुपये की है। इसकी पहली रेजीमेंट की तैनाती पश्चिमी सीमा के पास हो सकती है। जहां से पाकिस्तान और चीन दोनों को दबाव में रखा जा सकता है, दोनों पर नजर रखी जा सकती है। हालांकि चुनौतियां भारत के सामने भी हैं। पाकिस्तान के पास भले ही ये मिसाइल डिफेंस सिस्टम नहीं है, लेकिन चीन के पास इसी मिसाइल डिफेंस सिस्टम की 6 बटालियन यानी 6 रेजीमेंट पहले से ही मौजूद हैं। इनमें से एक सिस्टम उसने तिब्बत में, अरुणाचल प्रदेश के पास तैनात करके रखा है। दूसरा सिस्टम चीन ने लद्दाख में तैनात करके रखा है। ऐसा बताया जाता है कि चीन इस मामले में हमसे पहले ही आगे चल रहा है। उसने पहली एस-400 मिसाइल वर्ष 2018 में रूस से खरीदी थी, लेकिन मिसाइल प्रौद्योगिकी नियंत्रण व्यवस्था नाम की संधि का हिस्सा नहीं होने की वजह से उसे इसका नुकसान भी उठाना पड़ा। इस संधि के तहत जो देश इसका सदस्य नहीं है, उसे 300 किलोमीटर से ज्यादा रेंज की कोई मिसाइल नहीं बेची जा सकती। मतलब चीन को रूस से एस-400 मिसाइल तो मिली, लेकिन जो मिसाइलें दी गईं, उनकी मारक क्षमता अधिकतम ढाई सौ किलोमीटर तक ही है। जबकि भारत को जो डिफेंस सिस्टम मिला है, उसकी मारक क्षमता अधिकतम 400 किलोमीटर है। यानी चीन के पास ये डिफेंस सिस्टम पहले से मौजूद तो है, लेकिन उसके पास जो डिफेंस सिस्टम है, उसकी रेंज ढाई सौ किलोमीटर है और हम जो ले रहे हैं उसकी रेंज है 400 किलोमीटर।

रोहित शर्मा को ओडीआई कप्तान बनाने पर बोले गौतम गंभीर

# 'भारत का व्हाइट बॉल क्रिकेट सुरक्षित हाथों में'



**नई दिल्ली।** सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा को हाल में भारत का नया वनडे कप्तान नियुक्त किया गया है। रोहित ने विराट कोहली की जगह ली है, जिनके पास अब केवल टेस्ट टीम की ही कप्तानी बची है। कोहली ने यह कहते हुए टी20 कप्तानी से इस्तीफा दिया था कि वह टेस्ट और वनडे में कप्तान बने रहना चाहते हैं। लेकिन बीसीसीआई ने उनसे वनडे की भी कप्तानी छीन ली। रोहित अगले महीने जनवरी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज से भारतीय टीम के लिए वनडे की कप्तानी संभाल सकते हैं। 'हिटमैन' रोहित को व्हाइट बॉल के लिए टीम इंडिया का कप्तान बनाए जाने पर क्रिकेट जगत से मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आ रही है। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली के बाद अब पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने भी रोहित का सपोर्ट किया है।

गंभीर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, 'मुझे लगता है कि यह भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा है कि अब हमारे पास दो कप्तान हैं। एक रेड बॉल क्रिकेट में और एक व्हाइट बॉल क्रिकेट में, इसलिए रोहित को व्हाइट बॉल क्रिकेट को तैयार करने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा- चाहे वह टी20 हो या वनडे फॉर्मेट। मुझे लगता है कि एक कप्तान के रूप में रोहित शर्मा निश्चित रूप से भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा करेंगे। साथ ही मेरा मानना है कि भारतीय क्रिकेट सुरक्षित हाथों में है, खासकर व्हाइट बॉल क्रिकेट में।'

गंभीर ने आगे कहा कि अन्य कप्तानों की तुलना में रोहित कुछ सही कर रहे होंगे। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज ने कहा, 'उन्होंने पांच आईपीएल खिताब जीते हैं। वह अन्य कप्तानों की तुलना में कुछ सही कर रहे होंगे। उसी समय, उनका शांत और कभी-कभी उसका शांत रवैया भी, चीजों को बहुत आराम से रखता है। साथ ही खिलाड़ियों पर बहुत ?अधिक दबाव नहीं बनता। वह खुद एक बहुत ही स्वभाव के हैं, जोकि वास्तव में पूरी टीम की मदद करता है। गंभीर ने इससे पहले विराट और रोहित की कप्तानी को लेकर एक बड़ा बयान दिया था। उन्होंने साथ ही यह भी बताया था कि दोनों में से कौन बेहतर है। गंभीर ने कहा था, 'अभी रोहित शर्मा ने टी-20 कप्तानी शुरू ही की है, इसलिए आपको थोड़ा इंतजार करना होगा। रोहित ने आईपीएल में 5 ट्रॉफी जीती हैं तो कुछ ना कुछ तो अच्छा किया ही। आपको टी20 क्रिकेट में कई बार एक कदम आगे रहना होता है। आप मैच को हाथ से जाने नहीं दे सकते हैं। रोहित कभी गेम को अपने हाथ से निकलने देते नहीं हैं। उनके खेल में एग्रेशन दिखता है। विराट की तुलना में रोहित ने ज्यादा कामयाबी हासिल की है इसलिए गंभीर का मानना रहा है कि रोहित थोड़े ज्यादा बेहतर कप्तान हो सकते हैं। गंभीर ने कहा था, 'जब आप इस स्तर पर क्रिकेट खेलते हैं तब असुरक्षा ज्यादा होती है। जितना आप उसकी चिंता करेंगे उतना ही और बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे। मुझे पूरा यकीन है कि रोहित को जिस तरह इतनी ज्यादा सपोर्ट मिली है वो भी युवा खिलाड़ियों को उतना ही बैक करेंगे।

# दूसरे टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया को लगा बड़ा झटका, तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोट के चलते बाहर



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच इस समय एशेज सीरीज खेली जा रही है। ब्रिसबेन में खेला गया पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने 9 विकेट से अपने नाम किया और अब दूसरा मैच एडिलेड में गुरुवार से शुरू होने वाला है। इस मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका लगा है, जहां उनके स्टार तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड पीठ दर्द के चलते बाहर हो गए हैं और उनकी जगह झाय रिचर्डसन को मौका मिल सकता है। 'फोक्स स्पोर्ट्स' की रिपोर्ट के मुताबिक, हेजलवुड अब अपने घर सिडनी चले गए हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया जा रहा है कि हेजवुड जिस फ्लाइट से गए थे, उसमें ऑस्ट्रेलिया का कोई दूसरा खिलाड़ी मौजूद नहीं था। हेजलवुड के चोटिल होने की सूचना सबसे पहले टीम के नए कप्तान पैट कमिंस ने दी थी। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहला टेस्ट खत्म होने के बाद कहा था कि हेजलवुड चोटिल हैं और उनकी चोट पर नजर रखी जा रही है। हेजलवुड ने ब्रिसबेन टेस्ट की दोनों पारियों में मिलाकर तीन विकेट झटके थे। उन्होंने पहली पारी में डेविड मलान और इंग्लिश कप्तान जो रूट को अपना शिकार बनाया था। इस दौरान रूट बिना खाता खोले पवेलियन लौटे थे, जिसकी वजह से पूरी टीम मात्र 147 रनों पर ऑलआउट हो गई थी। हेजलवुड ने दूसरी पारी में इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर को अपना शिकार बनाया था।

## बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने बताया, आईपीएल 2022 के भारत में होने की क्यों है उम्मीद



**नईदिल्ली।** कोरोना महामारी की वजह से भारत में खेले जा रहे आईपीएल 2021 को मई के पहले हफ्ते में स्थगित किया गया था। इसके बाद आईपीएल के बचे हुए मैच सितंबर-अक्टूबर में यूएई में में खेला गए। बीसीसीआई को कोविड 19 की वजह से इसे यूएई शिफ्ट करना पड़ा था। बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरव गांगुली को उम्मीद है कि आईपीएल 2022 भारत में खेला जाएगा। उनका मानना है कि बुरा दौर खत्म हो गया है और अब भारत में होने वाले आगामी इवेंट प्रभावित नहीं होंगे। सौरव गांगुली के न्यूज 18 से कहा,'मुझे लगता है कि हम इसे पार कर चुके हैं और सबसे बुरा खत्म हो गया है। उम्मीद है, हम अगले साल भारत में आईपीएल वापस ला सकते हैं क्योंकि यह भारत का टूनार्मेंट है और जब यह भारत में खेला जाता है तो एक अलग माहौल होता है। इंटरनेशनल क्रिकेट चालू है। हमने न्यूजीलैंड के खिलाफ मेजबानी की। हम दक्षिण अफ्रीका जा रहे हैं। इसके बाद वेस्टइंडीज और श्रीलंका आएंगे। इसलिए मुझे लगता है कि सबसे बुरा समय खत्म हो गया है। उन्होंने आगे कहा,' हम कोविड की परेशानियों के बावजूद आईपीएल को दुबई ले जाकर पूरा करने में सफल रहे हैं। हमारा घरेलू क्रिकेट पहले की तरह पूरे फ्लो में है। पिछले साल महामारी के कारण थोड़ा ब्रेक लगा था।

# 40 के हुए सिक्सर किंग युवराज सिंह, आज भी अटूट है 'द रियल फाइटर' का वर्ल्ड रिकार्ड

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के सबसे बड़े मैच विनर में से एक युवराज सिंह आज अपना 40वां बर्थडे मना रहे हैं। अपने समय में दुनिया के सबसे खतरनाक ऑलराउंडर रहे युवराज का जन्म 12 दिसंबर 1981 को हुआ था और आज वह 40 साल के हो चुके हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट ले चुके युवराज के नाम आज भी कई वर्ल्ड रिकार्ड मौजूद है। चाहे वो इंटरनेशनल टी20 क्रिकेट में 6 गेंदों पर लगातार 6 छक्के लगाने का हो या फिर इंटरनेशनल क्रिकेट में 12 गेंदों पर सबसे तेज अर्धशतक ठोकने का वर्ल्ड रिकार्ड। युवराज 2007 टी20 वर्ल्ड कप और 2011 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रह चुके हैं।

'सिक्सर किंग' के नाम से फेमस युवराज को इसलिए 'द रियल फाइटर' कहा जाता है क्योंकि कैंसर के कारण वह कई साल इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर रहे थे, लेकिन बाद में उन्होंने जोरदार वापसी की और फिर टीम इंडिया का हिस्सा भी बने। युवराज 2011 वर्ल्ड कप के दौरान



खून की उल्टियां करते दिखे थे। बाद में पता चला था कि उनको कैंसर है और योद्धा की तरह उन्होंने पहले देश को 2011 का वर्ल्ड कप खिताब जिताया और फिर कैंसर को भी मात दी। कैंसर से उबरने के दौरान वे खुद को ज्यादा दिन तक क्रिकेट से दूर नहीं रख सके। हालांकि बाद में खराब प्रदर्शन के कारण उन्हें टीम से बाहर होना पड़ा और फिर उन्होंने रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया।

युवराज के नाम आज भी इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक जड़ने का वर्ल्ड रिकॉर्ड मौजूद है। उन्होंने यह रिकॉर्ड महज 12 गेंदों पर साल 2007 के टी20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ बनाया था। इसी मैच में उन्होंने स्टुअर्ट ब्राड के एक ओवर में 6 छक्के लगाए थे वो टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में ऐसा करने वाले पहले और इंटरनेशनल क्रिकेट में ऐसा करने वाले दुनिया के दूसरे बल्लेबाज बने थे। युवराज वर्ल्ड कप के एक मैच में 50 प्लस रन बनाने और 5 विकेट चटकाने वाले पहले खिलाड़ी हैं। वो वर्ल्ड कप में 5 विकेट लेने वाले इकलौते भारतीय स्पिनर हैं। वह सात क्ब्ब्उ फाइनल्स खेलने वाले दुनिया के इकलौते खिलाड़ी हैं। युवी वर्ल्ड कप टूनार्मेंट में 4 मैन ऑफ द मैच अवार्ड जीतने वाले एकमात्र भारतीय हैं। युवराज वनडे में नंबर 5 की पोजीशन पर खेलते हुए सबसे ज्यादा 7 शतक ठोकने वाले खिलाड़ी हैं।

## पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले युवराज और हरभजन के भाजपा जॉइन करने की खबरों के बीच दिग्गज स्पिनर ने दिया ये जवाब



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट के सबसे खतरनाक आल राउंडरों में से एक युवराज सिंह? आज अपना 40वां बर्थडे मना रहे हैं। युवराज के जन्मदिन पर सोशल मीडिया पर एक खबर आग की तरह फैल रही है, जिसमें कहा जा रहा है कि वह और दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह? जल्द ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जॉइन करने वाले हैं। पंजाब के जालंधर के रहने वाले हरभजन के 2017 में भी जालंधर से चुनाव लड़ने की चर्चा थी। लेकिन उस समय ऐसा नहीं हुआ था। हालांकि हरभजन ने राजनीतिक पारी से शुरू करने से कभी इन्कार भी नहीं किया है। ऐसे में उनके फिर से राजनीति के मैदान में उतरने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि हरभजन ने इन खबरों पर विराम लगाते हुए कहा है कि वह अभी राजनीति में नहीं उतरने जा रहे हैं। आफ स्पिनर ने कहा है कि वह अभी भाजपा जॉइन नहीं कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर जारी खबरों में कहा जा रहा है कि हरभजन और युवराज 2022 में पंजाब में होने वाले चुनाव से पहले भाजपा में शामिल होने जा रहे हैं। लेकिन हरभजने इन खबरों पर कमेंट करते हुए लिखा, 'फेक न्यूज।' हरभजन अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 में एक बड़ी टीम के साथ सपोर्ट स्टाफ के अहम सदस्य के रूप में नजर आ सकते हैं।

# राकेश टिकैत लड़ ले चुनाव,पता चल जाएगी लोकप्रियता : पवन ठाकुर

## किसान बिल से पंजाब के किसानों को होगा ज्यादा फायदा

### भाकियू किसान के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किशनी में की प्रेस वार्ता

**अखंड भारत संदेश**

**किशनी।** भाकियू किसान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन ठाकुर नगर के जे.एस. गार्डन में किसान यूनियन के मण्डल अध्यक्ष शिवाकांत दुबे की बहन की शादी में शामिल हुए।उन्होंने पत्रकार वार्ता में बिल वापसी के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन ठाकुर ने कहाकि पिछले कई महीनों से अपनी मांगों के किसान दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे थे।किसानों की भावनाओ को समझते हुए कृषि बिल वापसी करने पर वह प्रधानमंत्री का आभार प्रकट करते हैं।

कृषि बिल वापस होने से पंजाब के किसानों को फायदा होगा।यूपी में कांट्रेक्ट फॉर्मिंग होने से बाहर की कम्पनी निवेश करतीं तो यहां के किसानों को भी फायदा होता।सरकार की नीतियों के कारण जो किसान कर्जदार हो गए हैं उनका कर्जा माफ होना चाहिये।सरकार को किसान आयोग का गठन करके एमएसपी पर कानून बनाना चाहिये।हर फसल पर एमएसपी लागू हो और जो कानून का उल्लंघन करे उसके विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिये।राकेश टिकैत के उत्तर प्रदेश की राजनीति में उतरने के सवाल पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहाकि आगामी चुनाव में राकेश टिकैत चुनाव लड़ लें उन्हें अपनी लोकप्रियता का पता चल जाएगा।पिछले दो बार के चुनाव में उन्हें 8 हजार व 5 हजार वोट मिले थे अब लड़ेंगे तो 2-3 हजार वोटों पर सिमट जाएंगे।किसान संगठन का काम सरकार को दिशा देना होता है गलत का विरोध करें सही का समर्थन करें।राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन ठाकुर का संगठन के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर व शॉल ओढ़ाकर जोरदार स्वागत किया।किसानों की आवाज को दमदार तरीके से उठाने के लिये उन्होंने जिलाध्यक्ष अनुरुद्ध दुबे की सराहना की।कुसमरा में कमलेश यादव के आवास पर व डांडी भट्टा के पास सोनू गुप्ता,विनोद शाक्य की अगुआई में स्वागत हुआ। बेरिहार में वह जिला सरंक्षक अशोक दुबे के आवास पर पहुंचे और संगठन पर चर्चा की।इस मौके पर राष्ट्रीय महामंत्री हर्ष गुप्ता,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दीपक चौहान,राष्ट्रीय महासचिव शीलेश दुबे,प्रदेश संगठन मंत्री कमलेश यादव,प्रदेश सचिव विनोद यादव,मंडल अध्यक्ष शिवाकांत दुबे,जिलाध्यक्ष अनुरूद्ध दुबे,उमेश पाण्डेय,श्याम पाण्डेय,सोनू दुबे,अतुल पाठक, रिंकू तिवारी,शीलकान्त तिवारी,राघवेंद्र चौहान,शिवप्रताप चौहान,उमाकांत पाण्डेय,अंकित यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।





# प्रेरको ने अपनी समस्याओं के सम्बंध में बदायू के पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव को सौपा ज्ञापन

## समाजवादी पार्टी के घोषणा पत्र में हो प्रेरको की मांगे

**अखंड भारत संदेश**

**करहल।** आदर्श लोक शिक्षा प्रेरक वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में 1 दर्जन से अधिक पदाधिकारियों ने बदायूं के पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव के आवास पर पहुंचकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया है। पूर्व सांसद ने समस्याओं को प्रमुखता से लेते हुए घोषणा पत्र में प्रमुख स्थान पर समस्याओं को रखने का आश्वासन भी दिया है।बताते चलें कि आदर्श लोक शिक्षा प्रेरक वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में 1 दर्जन से अधिक प्रेरकों ने बदायूं के पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव के आवास पर पहुंचकर अपनी मांगों को पूरा करने के लिए एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें ग्राम पंचायत लोक शिक्षा केंद्रों पर कार्यरत रहे साक्षरता प्रेरकों की समस्याओं को समाजवादी पार्टी के घोषणा पत्र में शामिल कराए जाने की मांग की है।

घोषणा पत्र में बताया है कि प्रदेश के 66 जनपदों की 50563 ग्राम पंचायतों में कार्य कर रही लगभग 94000 प्रेरक 31 मार्च 2018 से बेरोजगार कर दिए गए हैं। इसके साथ ही 30 से 40 महीने का बकाया मानदेय आज तक भुगतान नहीं कराया गया है। जिसकी धनराशि 662. 41 करोड़ बकाया है। शासन के आदेशानुसार प्रेरकों ने चुनावी ड्यूटी, बीएलओ रिपीड सर्वे, राशन कार्ड सर्वे, समाजवादी पेंशन, पोलियो ड्यूटी आदि कार्यों को भलीभांति निर्वाहन किया है।

प्रेरकों ने बताया है कि सरकार द्वारा भेदभाव पूर्ण तरीके से हम लोगों को हटा दिया गया है। यह सब परिवार की रोजी-रोटी को चलाने के लिए काफी संघर्षों का सामना करना पड़ रहा है।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र यादव ने बताया है कि जब से भाजपा सरकार सत्ता में आई है। तब से प्रेरकों की समस्याएं काफी बढ़ गई है। उनको बेरोजगार करने का भी काम किया है।

इस अवसर पर देवेश कुमार, चरण सिंह, विनोद कुमार, चंद्रप्रकाश, शिवराज सिंह, संतोष यादव, रामनिवास, भूप सिंह, प्रेमचंद, प्रदीप, देशराज समेत आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# सीडीएस विपिन रावत का निधन देश के लिए अपूर्णीय छती : अरविंद प्रताप

## सीडीएस के निधन पर एमएलसी, एसडीएम, सीओ, कवि समेत समाजसेवीओ व जनप्रतिनिधियों ने दी श्रधांजलि

### समाजसेवी मिर्जा अकील बेग द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम



**अखंड भारत संदेश**

**करहल।** नगर के आजाद हिंद इंटर कॉलेज के प्रांगण में सीडीएस विपिन रावत समेत हैलीकॉप्टर हादसे में हुए शहीदों को श्रधांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प। अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सीडीएस विपिन रावत उनकी पत्नी व सैनिको के निधन पर आयोजित श्रधांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यथित के रूप में एमएलसी अरविंद प्रताप यादव व विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीएम व सीओ समेत अन्य लोगो ने शिरकत की है। एमएलसी अरविंद प्रताप यादव ने बताया है कि सीडीएस विपिन रावत देश के लिए एक सच्चे सिपाही थे।

देश के लिए जिये और देश के लिए ही उन्होंने अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया। हम ऐसे व्यक्ति की कमी कों हमेशा याद करेंगे। एसडीएम रामनारायण ने बताया है कि सीडीएस विपिन रावत का निधन देश के लिए अपूर्णीय छती है। उनकी याद कभी भुलाई नही जा सकती। क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार ने बताया हैं की देश के लिए अपने प्राणों की बलिदान देने बाले अमर व्यक्ति को हम कभी भुला नही सकते।कार्यक्रम आयोजक समाजसेवी मिर्जा अकील बेग ने बताया हैं की सीडीएस विपिन रावत एक बेहद ही निष्ठावान व्यक्ति थे। उनके निधन से पूरे देश मे भारी शोक की लहर है। हम उनकी यादों को कभी भुला नही पाएंगे। करहल के आजाद हिंद इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने सीडीएस विपिन रावत के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रधांजलि देते हुए उनको याद किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित देवकी नंदन शर्मा व सफल संचालन दिलशेर कुरील में किया। इस मौके पर वरिष्ठ कवि राम दत्त पारस, आयोजक मिर्जा अकील बेग, राष्ट्रपति पुरुष्कार प्राप्त डॉ पदम् सिंह पदम्, हैवरा डिग्री कॉलेज के पूर्व प्रवक्ता प्रो राजेन्द्र सिंह, मुकेश सोलंकी, रामकिशोर प्रेमी, निदेशक जेपी यादव, राकेश शर्मा, विद्याराम, राम प्रकाश द्ववेदी, राधेश्याम यादव, इलेक्ट्रॉनिक एंव प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन(भारत) के पूर्व जिलाध्यक्ष ऋषीकान्त दुबे, सुबोध कुमार, मुन्ना कुरैशी, डॉ प्रदीप उपाध्याय, प्रेम चंद्र शाक्य, सतीश चंद्र मधुप, राम रतन, भारत सिंह,सपा ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप पाल, प्रधान प्रतिनिधि समरपाल यादव, रोमांशू यादव, राजीव यादव समेत आदि तमाम लोग रहे मौजूद।

# हर साल लगेगा किसानों का मेला, महापंचायत भी रहेगी जारी, आंदोलन खत्म होने पर बोले राकेश टिकैत



**नई दिल्ली।** भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने कहा है कि महापंचायत का आयोजन समय-समय पर होता रहेगा। तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के आंदोलन का सफलतापूर्वक संचालन करने के बाद टिकैत ने यह बात कही। उन्होंने हर साल 10 दिन का किसान आंदोलन मेला आयोजित करने की भी कही। टिकैत ने उन्होंने कहाकि हर साल 10 दिन का किसान आंदोलन मेला आयोजित किया जाएगा। वहीं किसानों के मुद्दे पर बात करने के लिए समय-समय पर महापंचायत भी होगी।

टिकैत ने इस दौरान आंदोलन के दौरान सरकार पर दबाव बनाने के लिए मीडिया की भूमिका की भी तारीफ की। गौरतलब है कि आंदोलन के सफलतापूर्वक खत्म होने के बाद किसान दिल्ली बॉर्डर से अपने घर पहुंचने लगे हैं। बड़ी संख्या में किसान धरनास्थल को खाली कर चुके हैं। अब किसान 15 जनवरी को एक समीक्षा बैठक करेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा ने अपने बयान में कहाकि अगर सरकार अपने वादों को पूरा नहीं करती है तो हम अपना आंदोलन फिर से शुरू करेंगे। इससे पहले 19 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बात की घोषणा की थी कि सरकार तीन कृषि कानूनों को वापस ले लेगी। इसके बाद 29 नवंबर को शीतकालीन सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों में प्रक्रिया पूरी करने के बाद इन कानूनों को वापस ले लिया गया। हालांकि किसानों ने इसके बाद भी आंदोलन खत्म करने से इंकार कर दिया था। उनकी मांग थी कि किसान एमएसपी को लेकर कानूनी गारंटी दे साथ ही किसानों पर लगाए गए मुकदमों को वापस ले। बाद में सरकार ने किसानों की मांग को मानते हुए एक लिखित पत्र जारी किया था।

# मैं हिंदू हूं, लेकिन हिंदुत्ववादी नहीं, राजस्थान की रैली में मोदी सरकार पर कुछ यूं बरसे राहुल गांधी

**जयपुर।** राजस्थान में कांग्रेस की महंगाई के खिलाफ महारैली में राहुल गांधी मोदी सरकार पर जमकर तीर चलाए। रैली को संबोधित करते हुए कहाकि देश को जनता नहीं चला रही है। तीन चार पूंजीपति चला रहे हैं और प्रधानमंत्री उनका काम कर रहे हैं। इस दौरान राहुल गांधी ने कहाकि देश की राजनीति में दो शब्दों की टक्कर चल रही है। एक एक शब्द है हिंदू और दूसरा शब्द है हिंदुत्ववादी। उन्होंने कहाकि देश में महंगाई की वजह हिंदुत्ववादी हैं। साथ ही राहुल गांधी महंगाई के लिए भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी के अलावा राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, अजय माकन, मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई दिग्गज कांग्रेसी मौजूद रहे।इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि वह हिंदू और हिंदुत्ववादी के बीच के अंतर को स्पष्ट करना




चाहते हैं। राहुल गांधी ने कहाकि मैं हिंदू हूं, लेकिन हिंदुत्ववादी नहीं हूं। उन्होंने कहाकि महात्मा गांधी हिंदू थे, लेकिन गोडसे हिंदुत्ववादी था। राहुल ने कहाकि कुछ भी हो जाए हिंदू सत्य को ढूंढता है। उन्होंने कहाकि महात्मा गांधी ने ऑटोबायोग्राफी लिखी माई एक्सपेरिमेंट विद ट्रुथ। सारी जिंदगी सच को जानने में बिताई और अंत में एक हिंदुत्ववादी ने छाती में गोली मार दी। राहुल गांधी ने कहा कि देश में हिंदुत्ववादियों का राज है, हिंदुओं का नहीं। उन्होंने कहाकि देश में हिंदू रहते हैं, लेकिन हिंदुत्ववादी देश को चला रहे हैं। हमें एक बार फिर इन हिंदुत्वादियों को बाहर निकालना है, हिंदुओं का राज लाना है।

राहुल गांधी ने कहाकि हिंदुत्ववादी पूरी जिंदगी सत्ता ढूंढने में लगा देता है। सत्ता के लिए वह कुछ भी कर देता है। उसका रास्ता सत्याग्रह नहीं, सत्ताग्रह है वह सत्ता के लिए किसी को मार देगा, कुछ भी कर देगा। राहुल ने कहाकि हिंदू डर का सामना करता है और एक इंच पीछे नहीं हटता। कांग्रेस नेता ने इस मौके पर भगवान शिव का भी उदाहरण दिया। उन्होंने कहाकि हिंदू शिवजी की जैसे अपने डर को निगल लेता है। वहीं हिंदुत्ववादी अपने डर के आगे झुक जाता है, डर के आगे मत्था टेकता है। हिंदुत्ववादी को डर के चलते उसके अंदर नफरत आती है। हिंदू डर का सामना करता है इसलिए उसके दिल में प्यार रहता है। राहुल ने इस मौके पर गीता का भी उदाहरण दिया। उन्होंने कहाकि गीता में लिखा है सत्य की लड़ाई लड़ो। गीता में कृष्ण ने यह नहीं कहाकि अपने भाइयों को सत्ता के लिए मारो, अपने भाइयों को सच के लिए मारो। 3000 साल में हिंदू दबाया नहीं गया, कभी नहीं दबाया जा सकता। नरेंद्र मोदी और उनके तीन चार उद्योगपतियों ने देश को बर्बाद कर दिया। किसानों का कर्जा माफ कर दिया क्योंकि किसानों को कजार्माफी की जरूरत है। मोदी ने किसानों की छाती में चाकू मार दिया। वो भी पीछे से मारा, क्योंकि मोदी हिंदुत्ववादी हैं। हिंदू अगर मारता है तो आगे से मारता है, लेकिन हिंदुत्ववादी ने पीछे से मारा।

# यूपी के सबसे अमीर सांसद मलूक नागर की संपत्ति जब्त, 53 करोड़ रुपये का कर्ज न चुकाने पर इ्रकने लिया ऐक्शन



**नोएडा।** उत्तर प्रदेश की बिजनौर लोकसभा सीट से बसपा के सांसद मलूक नागर (इरढ टढ ट'ङ्घङ्घ' ठॅ१) और उनके भाई की संपत्ति को बैंक ने अपने कब्जे ले लिया है, जिसको लेकर भारतीय स्टेट बैंक द्वारा विज्ञापन भी जारी किया गया है। बैंक ने इस विज्ञापन में कहा है कि नागर डेयरी प्राइवेट लिमिटेड को उन्होंने कर्ज दिया था, जिसमें मलूक नागर और भाई राजवीर नागर गारंटर थे। 12 जून 2017 को बैंक द्वारा उन्हें नोटिस जारी कर 60 दिन में 53 करोड़ 65 लाख लाख 7 हजार 866 रुपये का भुगतान करने के लिए कहा गया था, लेकिन उनके द्वारा भुगतान नहीं किया गया। इसके बाद से यह राशि लगातार बढ़ रही है।

भुगतान न करने पर बैंक द्वारा नागर डेयरी और मलूक नागर तथा उनके भाई राजवीर नागर की मेरठ तथा हापुड़ जिले की संपत्ति पर 9 दिसंबर को कब्जा लेने का दावा किया गया है। बैंक ने इसके संबंध में सूचना जारी कर कहा है कि इन संपत्तियों के संबंध में कोई भी लेन-देन न किया जाए।

बसपा सांसद मलूक नागर एक बड़े व्यवसायी हैं और नोएडा में भी रियल एस्टेट के अनेक बड़े प्रोजेक्ट में वह जुड़े रहे हैं। हालांकि, सांसद बनने के बाद वह इन प्रोजेक्टों से हट गए थे और रियल एस्टेट कंपनियों में अपने पद से भी उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। डेयरी के इस मामले में बैंक द्वारा की गई कार्रवाई को भी वह गलत बता रहे हैं और इस मामले में कानूनी कार्रवाई करने का दावा करते हुए कह रहे हैं कि पूरे मामले से उनका कोई लेना-देना नहीं है और वह सात साल से डेयरी से नहीं जुड़े हैं और न ही उसके मैनेजमेंट में हैं।

बसपा सांसद मलूक नागर ने कहा कि इस मामले में उन्हें जानकारी नहीं है और वह पिछले साल से डेयरी के मैनेजमेंट में भी नहीं हैं। यह मामला मेरे भाई से जुड़ा है। भाई ने ही लोन लिया था, जिसमें मैं गारंटर था। बैंक के अधिकारियों से इसको लेकर मेरी कोई बात नहीं हुई है। इस मामले में उनके भाई राजवीर का बैंक से 2018 में और उसके बाद 30 नवंबर 2020 में सेटलमेंट हो गया था। इसके बाद 25 प्रतिशत पैसा जमा भी किया गया था और करीब 16 करोड़ रुपये इसमें जमा किए जा चुके हैं। बैंक ने आगे के पैसे जमा करने के लिए समय दिया था। जिसके पूरे कागजात भाई के पास हैं। उसके बाद भी बैंक द्वारा इस तरह की कार्रवाई करना गलत है।

## पुलवामा में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में आतंकी ढेर, सेना का अभियान जारी

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में रविवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों को दक्षिण कश्मीर जिले के अवंतीपोरा के बारगाम इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष सूचना मिली थी। इसके बाद घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया। इसी दौरान आतंकवादियों ने उन पर गोलियां चला दीं। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हुई। मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। उन्होंने कहा कि मारे गए आतंकवादी की पहचान और वह किस आतंकवादी संगठन से जुड़ा था, इसका पता लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभियान जारी है और विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा की जा रही है।

यूपी विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी-बसपा को बड़ा झटका

# सपा में शामिल हुए जय चौबे और विनय शंकर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की खलीलाबाद विधानसभा सीट से भाजपा विधायक दिग्विजय नारायण चौबे उर्फ जय चौबे और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से हाल ही में निष्कासित किए गए विधायक विनय शंकर तिवारी सहित अन्य नेता रविवार को समाजवादी पार्टी (सपा) में शामिल हो गए हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की मौजूदगी में सभी नेताओं ने सपा ज्वाइन किया। उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पूर्वांचल की राजनीति के लिहाज से इसे भाजपा और बसपा के लिए बड़ा झटका तथा सपा के लिए अहम उपलब्धि माना जा रहा है। बता दें कि जय चौबे बस्ती मंडल के कद्दावर नेता हैं।



गोरखपुर जिले की चिल्लूपार विधानसभा सीट से विधायक विनय शंकर तिवारी, उनके भाई संत कबीर नगर से पूर्व सांसद कुशल तिवारी और उनके करीबी रिश्तेदार एवं विधान परिषद के पूर्व सभापति गणेश शंकर पांडेय के अलावा जय चौबे लखनऊ स्थित सपा मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। विनय और कुशल तिवारी पूर्वांचल के कद्दावर नेता रहे हरिशंकर तिवारी के पुत्र तथा गणेश शंकर के भांजे हैं। बता दें कि विनय शंकर तिवारी की अखिलेश से दिसंबर के पहले हफ्ते में ही मुलाकात हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि पांडेय और तिवारी बंधुओं को बसपा से हाल ही में अनुशासनहीनता के आरोप में निष्कासित किया गया था। बसपा सूत्रों के अनुसार विनय शंकर तिवारी की अखिलेश से मुलाकात के बाद ही 7 दिसंबर को तिवारी परिवार को बसपा से निष्कासित किया गया था।

# अफगान लोगों की मदद के लिए भारत ने बढ़ाया हाथ, भेजी दवाइयां



**नई दिल्ली।** भारत ने संकट के समय अफगान लोगों की मदद करने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप अफगानिस्तान को शनिवार को चिकित्सकीय सामग्री भेजी, जो तालिबान के कब्जे के बाद भारत द्वारा अफगानिस्तान भेजी गई मानवीय मदद की पहली खेप है। दस भारतीयों और 94 अफगान नागरिकों को काबुल से शुक्रवार को दिल्ली लाए विमान के जरिए चिकित्सकीय सामग्री को अफगानिस्तान भेजा गया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि इस खेप को काबुल में विश्व स्वास्थ्य संगठन (हल्ड) के प्रतिनिधियों को सौंपा जाएगा। मंत्रालय ने कहा, "अफगानिस्तान में चुनौतीपूर्ण मानवीय स्थिति के मद्देनजर भारत सरकार ने आज अफगानिस्तान लौट रहे एक विमान के जरिए चिकित्सकीय आपूर्ति के रूप में मानवीय सहायता भेजी है।" एक बयान में कहा गया, "ये दवाइयां काबुल में हल्ड के प्रतिनिधियों को सौंपी जाएंगी और काबुल स्थित इंदिरा गांधी बाल चिकित्सालय में दी जाएंगी। भारत अफगानिस्तान में मानवीय संकट से निपटने के लिए वहां निर्बाध मानवीय सहायता मुहैया करने की वकालत करता है। इसी के साथ भारत काबुल में एक वास्तविक समावेशी सरकार के गठन का समर्थक है। भारत इस बात पर जोर देता है कि अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल किसी अन्य देश के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियां करने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। भारत ने घोषणा की है कि वह अफगानिस्तान में पाकिस्तान के जरिए 50,000 टन गेहूं और दवाएं भेजेगा। भारत और पाकिस्तान इस खेप को भेजने के तौर-तरीकों को अंतिम रूप दे रहे हैं। मंत्रालय ने बताया कि काबुल से दिल्ली की एक विशेष उड़ान के जरिए शुक्रवार को 10 भारतीयों और 94 अफगान नागरिकों को लाया गया। उसने कहा, "उड़ान के जरिए 10 भारतीयों और अफगान अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों समेत 94 अफगान नागरिकों को लाया गया। अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्य अपने साथ 'गुरु ग्रंथ साहिब के दो स्वरूप' और कुछ प्राचीन हिंदू पांडुलिपियां भी लाए हैं। तालिबान द्वारा 15 अगस्त को काबुल पर कब्जा किए जाने के बाद अफगानिस्तान से भारतीयों और अफगान नागरिकों को लाने के भारत के 'ऑपरेशन देवी शक्ति'' के तहत इन लोगों को लाया गया है। मंत्रालय ने कहा, " 'ऑपरेशन देवी शक्ति' के तहत कुल 669 लोगों को अफगानिस्तान से लाया गया है, जिनमें 448 भारतीय और 206 अफगान नागरिक हैं। इनमें अफगान हिंदू/सिख अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्य भी हैं। अगस्त में 438 भारतीयों समेत 565 लोगों को अफगानिस्तान से निकाला गया था। भारत अफगानिस्तान में हालिया घटनाक्रमों को लेकर चिंतित है। उसने 10 नवंबर को अफगानिस्तान पर एक क्षेत्रीय वार्ता की मेजबानी की थी, जिसमें रूस, ईरान, कजाखस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों ने भाग लिया था।

# यूरोप में दो अलग-अलग वैक्सीन की खुराक लेने की सलाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि एक ही टीके की दो खुराक लेने की जगह दो अलग-अलग टीकों की खुराक लेने से शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली बेहतर होती है. साथ ही, एंटीबॉडी भी ज्यादा विकसित होते हैं.इस साल 7 दिसंबर को यूरोपियन मेडिसिन एजेंसी और यूरोपियन सेंटर फॉर डिजीज प्रिवेंशन ऐंड कंट्रोल ने स्पष्ट तौर पर कहा कि कोरोना वायरस से बचने के लिए मिक्स ऐंड मैच टीकाकरण की जरूरत है. इसमें कोविड-19 से बचाव के लिए तैयार किए गए वेक्टर आधारित और एमआरएनए दोनों तरह के टीके शामिल हैं।

दूसरे शब्दों में कहें, तो मेडिकल एजेंसी ने एक ही टीके की दो खुराक लेने की जगह, दो अलग-अलग टीकों की दो खुराक लेने की सिफारिश की है. यह सिफारिश तब की गई है जब इंग्लैंड में ऑक्सफर्ड यूनिवर्सिटी के वायरोलॉजिस्ट मैथ्यू स्नेप ने कहा कि मिक्स ऐंड मैच टीकाकरण का सकारात्मक परिणाम दिख रहा है. स्नेप इस अध्ययन के प्रमुख



शोधकर्ता हैं। उन्होंने समाचार एजेंसी रॉयटर्स से बात करते हुए इन परिणामों के बारे में बताया. मिक्स एंड मैच वैक्सीन की शुरूआत कैसे हुई यूरोपियन मेडिसिन एजेंसी से मंजूरी मिलने के बाद इस साल जनवरी महीने में जर्मनी में सभी वयस्कों को कोविड-19 की एस्ट्राजेनेका वैक्सीन लगाई गई थी।

हालांकि, टीकाकरण की स्टैंडिंग कमेटी ने अप्रैल में एस्ट्राजेनेका का इस्तेमाल 60 साल से ऊपर के लोगों तक ही सीमित रखने की सिफारिश की थी क्योंकि वैक्सीन लगने के बाद विशेष रूप से कुछ युवतियों के मस्तिष्क में खून का थक्का बनने का खतरा बढ़ गया था. हालांकि, तब तक काफी संख्या में लोग एस्ट्राजेनेका की पहली खुराक ले चुके थे. इन लोगों को दूसरी खुराक बायोनटेक-फाइजर या मॉडर्ना वैक्सीन की दी गई. आज जर्मनी में हर उम्र के बालिगों को फिर से एस्ट्राजेनेका का वैक्सीन लग सकता है बशर्ते वैक्सीन लगवाने वाले व्यक्ति और डॉक्टर पहले से उस पर सहमत हों। दो खुराकों पर अलग अलग स्टडी इस साल जून महीने में ऑक्सफर्ड विश्वविद्यालय के शोधकताओं ने शुरूआती नतीजों की सफलता के बारे में बताया था।

# सऊदी अरब ने तबलीगी जमात पर लगाया प्रतिबंध, बताया- आतंकवाद का द्वार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सऊदी अरब सरकार ने सुन्नी इस्लामी अतिवादी संगठन तबलीगी जमात पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार ने इस संगठन को आतंकवाद के प्रवेश द्वारों में से एक बताया है। सऊदी इस्लामिक मामलों के मंत्रालय ने मस्जिद में उपदेशकों को आदेश दिया है कि वे लोगों को तबलीगी जमात के बारे में आगाह करने के लिए अगले शुक्रवार को बताएं। सरकार से मस्जिदों से इस संगठन के पथभ्रष्टता, विचलन और खतरे के बारे में बताने को कहा है। कहा गया कि यह आतंकवाद के द्वारों में से एक है। तबलीगी जमात की सबसे प्रमुख गलतियों को बताने को कहा गया है। मंत्रालय ने समाज को इस संगठन से होने वाले खतरे को लेकर बताने को कहा गया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक 1926 में भारत में बना तबलीगी जमात एक सुन्नी इस्लामिक मिशनरी आंदोलन है जो मुसलमानों से सुन्नी इस्लाम के शुद्ध रूप में लौटने और धार्मिक रूप से चौकस रहने की अपील करता है। यह संगठन ड्रेसिंग, व्यक्तिगत व्यवहार और अनुष्ठानों की शुद्ध इस्लामी रूप की वकालत करता है।


**अखंड भारत संदेश** के लिए (स्वामी श्री योगी सत्यम योग सत्संग समिति) क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूसी प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित एवं विपिन इंटरप्राइजेज 1/6C माधवकुंज, कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

मुद्रक/प्रकाशक

स्वामी श्री योगी सत्यम योग सत्संग समिति पी.आर.बी .एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदाई। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

UPHIN 29506


## अमेरिका में मौत की चक्रवात ! केंटुकी में अब तक 70 लोगों के मारे जाने की आशंका

**नई दिल्ली।** अमेरिका में केंटुकी राज्य के गवर्नर ने कहा कि विनाशकारी बवंडर से 10 काउंटी क्षेत्रों में लोगों की मौत होने की आशंका है। गवर्नर एंडी बेशिर ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केंटुकी में कम से कम 70 लोगों के मरने की आशंका है और मृतकों की संख्या 100 के पार जा सकती है। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि यह हमारे राज्य के इतिहास में सबसे विनाशकारी बवंडर है।" बेशिर ने कहा कि मेफील्ड में मोमबत्ती बनाने की एक फैक्टरी भी चक्रवात की चपेट में आ गई जिसमें उस समय करीब 110 लोग मौजूद थे। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय गार्ड के सदस्य और राज्य भर के आपात कर्मी खोज एवं बचाव अभियान में मदद करने के लिए मेफील्ड पहुंच रहे हैं।

# श्रीलंका की मदद को आगे आया भारत, आर्थिक संकट को लेकर तत्काल पैकेज पर काम जारी

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के वित्त मंत्री बासिल राजपक्षे की भारत यात्रा के बाद भारत श्रीलंका को तत्काल मदद के लिए काम कर रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत श्रीलंका को आर्थिक संकट से निपटने के उपाय पर एक पैकेज पर काम कर रहा है। इकॉनोमिक टाइम्स में छपी रिपोर्ट के मुताबिक भारत से एनर्जी सिक्यूरिटी पैकेज और करेंसी स्वैप के साथ-साथ तत्काल आधार पर श्रीलंका में फूड और हेल्थ सिक्यूरिटी पैकेज का विस्तार करने और भारतीय निवेश को आगे बढ़ाने की उम्मीद है।

फूड और हेल्थ सिक्यूरिटी पैकेज में भारत से खाद्य, दवाओं और अन्य आवश्यक वस्तुओं के आयात को कवर करने के लिए एक लाइन ऑफ क्रेडिट के विस्तार की परिकल्पना की गई है। एनर्जी पैकेज में भारत से फ्यूल के आयात को कवर करने और त्रिंकोमाली तेल टैंक फार्म के प्रारंभिक आधुनिकीकरण को कवर करने के लिए एक लाइन ऑफ क्रेडिट भी शामिल होगा। अधिकारियों ने स्थिति और कोविड के बाद की चुनौतियों से निपटने के लिए उनकी सरकार के दृष्टिकोण के बारे में भारतीय पक्ष को जानकारी दी है। बढ़ते कर्ज से जूझ रहा है। अपनी सुस्त अर्थव्यवस्था की बेहतरी के लिए श्रीलंका ने भारत से मदद मांगी है। चीन द्वारा को गुणवत्ता



बताया है कि श्रीलंका को अपने मौजूदा भुगतान संतुलन के मुद्दों को हल करने में मदद करने के लिए करेंसी स्वैप की पेशकश भी है। बासिल ने श्रीलंका में आर्थिक इस साल जुलाई में पद संभालने के बाद से वित्त मंत्री बासिल की यह पहली विदेश यात्रा थी। श्रीलंका, कोविड के बाद एक आर्थिक संकट और चीन से भारी उधारी के कारण मैनुफैक्चर किए गए फर्टिलाइजर को खराब क्वालिटी के आधार पर अस्वीकार करने के बाद भारत ने हाल ही में श्रीलंका के किसानों को फर्टिलाइजर भेजे थे।